अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिऐ : 9314505000 लॉग ऑन करें: www.chamaktarajasthan.com

RNI No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

Email- chamaktarajasthan8789@gmail.com जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

जयपुर, सोमवार, 21 अगस्त 2023 वर्ष : 14 अंक : 07 पृष्ठ : 8 दैनिक प्रात: कालीन मूल्य : 1 रूपया

## न्यूज ब्रीफ



### खडगे, सोनिया, प्रियंका ने वीर भूमि जाकर राजीव को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर आज उनके समाधि स्थल वीरभूमि जाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसी नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र राहुल गांधी इन दिनों लेह में हैं और उन्होंने वहां गाँधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी देश भर में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मना रहे हैं और उसका कहना है कि पार्टी कार्यकर्ता आधुनिक भारत के प्रणेता को देशभर में याद कर रहा है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि पापा, आपकी आंखों में भारत के लिए जो सपने थे, इन अनमोल यादों से छलकते हैं। आपके निशान मेरा रास्ता हैं – हर हिंदुस्तानी के संघर्षों और सपनों को समझ रहा हूं, भारत मां की आवाज सुन रहा हूं। वाड्रा ने कहा कि किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार। किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार, जीना इसी का नाम है जिन्दा है हमीं से नाम प्यार का कि मर के भी किसी को याद आएंगे किसी के आँसुओं में मुस्कुराएंगे, कहेगा फूल हर कली से बार बार जीना इसी का नाम है। ये लाइनें हमेशा आपकी याद दिलाती हैं और आज तक जब भी ये गाना सुनती हूँ, मेरी आँखों में आँसू उभर आते हैं। खडगे ने कहा कि आज जब हम सद्भावना दिवस मना रहे हैं, तो उनके विशाल योगदान को याद करना प्रासंगिक है, जिसने भारत को 21वीं सदी में आगे बढ़ाया। उनके कई हस्तक्षेप जैसे कि मतदान की आयु 18 वर्ष तक कम करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली एक नई शिक्षा नीति ने देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए। हम राजीव गांधी जी को उनकी जयंती पर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### भव्य कांवड़ यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत



चमकता राजस्थान

**कोटा।** सावन माह में जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, इसी के तहत भव्य कांवड़ शिवपुरी धाम थेकडा से निकाली गई, जिसमें सैकडों की संख्या में लोगों ने कांवड धारण किए और भाले नाथ के जयकारे लगाते हुए श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पुरोहित जी की टापरी में कांवडियों ने भोलनाथ का जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा शिवपुरी धाम थेकडा से प्रारम्भ होकर बोरखेड़ा होती हुई, महात्मा गांधी कॉलोनी और उसके बाद पुरोहित जी की टापरी में स्थित तेजाजी मंदिर प्रांगण मे विराजमान श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पहुंची। कांवड़ यात्रा का पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने रास्ते में पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया व कावड़ियों के साथ मंदिर पहुंच कर शिवजी का जलाभिषेक किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन प्रजापति के नेतृत्व में तिरंगा चौराहे पर पुष्प वर्षा कर कांवड यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सनी, गौरव, विकास, पुष्पकांत संजू श्रीवास्तव, नितिन खत्री, धनराज, पिंटू गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्पेशल टीम प्रभारी सीआई नीरज गुप्ता ने जानलेवा हमले के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, कोटा।** सिटी एसपी शरद चौधरी के स्पेशल टीम के प्रभारी नीरज गुप्ता ने श्रीनाथपुरम क्षेत्र में शिव भोजनालय पर खाना पैक कराने के बाद भोजनालय के मालिक पर जानलेवा हमला करने वाले अनिल निहाल उर्फ मिंटु और विजय बेमाल को गिरफ्तार किया है। इन दोनो पर दस दस हजार रुपए का इनाम घोषित था। सिटी एसपी शरद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई को आरके पुरम थाना क्षेत्र के श्रीनाथपुरम इलाके में हुई जान से मारने की वारदात के मुलजिमों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी इस पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को डिटेन कर पुलिस थाने पर लाकर सुपुर्द किया। इस मामले में विशेष भुमिका स्पशेल टीम के प्रभारी सीआई नीरज गुप्ता व टीम सदस्य विजेन्द्र सिंह और रणवीर सिंह की बताई गई है। उन्होंने बताया कि शिव भोजनालय के पास श्रीनाथपुरम थाना इलाका मे आरोपी अनिल निहाल उर्फ मोन्टू विजय, प्रिंस व अन्य दो-तीन व्यक्तियो ने फरियादी के भोजनालय से खाना पैक करवाने के दौरान जान से मारने की नियत से फरियादी पर हमला किया जिसपर फरियादी जान बचाकर अपनी कार से अपने निवास की तरफ भागा, तो पीछा कर पुन: पेट्रोल पंप के पास रंगबाडी रोड पर फरियादी की कार पर जान से मारने कि नियत से आरोपीयो द्वारा अपनी कार से ट्क्कर मारी तो फरियादी ने थाना अनन्तपुरा में घुसकर अपनी जान बचाई थी।

,,,,

# जयपुर, कोटा सहित 6 जिलों में आज हल्की बारिश; अगले तीन दिन जारी रहेगा बरसात का दौर

**चमकता राजस्थान, जयपुर,।** राजस्थान में एक बार फिर मानसून की एक्टविटी शुरू हो गई है। शनिवार देर शाम प्रतापगढ़, जयपुर, अजमेर अलवर समेत 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात झालावाड़ जिले के भीमसागर एरिया में 114 (4 इंच से ज्यादा) बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा बारां के छबड़ा, कोटा के रामगंजमंडी और प्रतापगढ़ जिले में भी भारी बारिश हुई। तेज बारिश के कारण कोटा, झालावाड़ एरिया में बरसाती नदियां फिर बहती नजर आईं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले कुछ घंटों के दौरान जयपुर, दौसा, अजमेर, कोटा, बारां, झालावाड़ समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही राज्य के पूर्वी हिस्सों के 11 जिलों में 23 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

**इन जिलों में भी हुई बारिश :** मौसम केन्द्र और जल संसाधन विभाग से जारी डेटा के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, उदयपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, प्रतापगढ़, करौली, श्रीगंगानगर, धौलपुर, भीलवाड़ा, अलवर, अजमेर, बांसवाड़ा, दौसा, बारां, राजसमंद, झालावाड़ जिलों में बारिश हुई। जयपुर के गोपालपुरा, टोंक फाटक, मानसरोवर, श्याम नगर, जेएलएन मार्ग, मालवीय नगर एरिया में रविवार सुबह 15-20 मिनट तक हुई हल्की बारिश ने लोगों को राहत दी है।



**अब आगे क्या? :** मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बना लो-प्रेशर सिस्टम आगे बढ़ता हुआ छत्तीसगढ़ तक आ गया है। ये सिस्टम अब धीरे-धीरे नॉर्थ-वेस्ट इंडिया की तरफ बढ़ रहा है। मानसून की ट्रफ लाइन की स्थिति में भी बदलाव हुआ है। ये नॉर्थ दिशा से थोड़ी खिसक कर दक्षिण की तरफ आ गई। ये वर्तमान में गंगानगर, नारनौल, ग्वालियर से होकर लो-प्रेशर एरिया वाले हिस्से से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। इस सिस्टम का असर राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में 23 अगस्त बना रहेगा। इस दौरान अलवर, बारां, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर और टोंक एरिया में बारिश का दौर जारी रहेगा। जबकि उदयपुर, सीकर, राजसमंद, झुंझुनूं, जयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा एरिया में एक या दो दिन और हल्की बारिश होने की संभावना है।

**अब तक 24 फीसदी ज्यादा बरसात :** राजस्थान में मानसून की अब तक की स्थिति देखें तो सामान्य से 24 फीसदी बरसात ज्यादा हो चुकी है। 1 जून से 20 अगस्त तक राज्य में औसत बारिश 321.4रूरूहोती है जबकि इस बार 397.9रूरूबारिश हो चुकी है। पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में अब भी बारिश सामान्य से कम ही हुई है।

### बारिश नहीं होने से बीसलपुर बांध का गेज गिरा

पिछले महीने लगातार और अच्छी बारिश के कारण बीसलपुर बांध में भी पानी आवक हो रही थी। इसके कारण बांध का गेज बढ़कर 314.01 आरएल मीटर तक पहुंच गया था। अब पिछले डेढ़ सप्ताह से बारिश का दौर थमने से बांध में पानी की आवक रुक गई। इसके कारण बांध का गेज कम होकर 313.96 मीटर तक आ गया है।

### रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट हुआ क्रैश, चंद्रमा की सहत से टकराने के बाद आई खराबी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो गया है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस लूना-25 की चंद्रमा पर लैंडिंग से पहले चंद्रामा सतह से टक्कर हो गई है। स्पेस एजेंसी ने एक बयान जारी कर बताया कि शनिवार दोपहर 2ः57 बजे लूना-25 से संपर्क टूटा था। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की जाएगी।

**11 अगस्त को हुआ था लॉन्च :** बता दें कि रूस ने 10 अगस्त को लूना-25 की लॉन्चिंग की थी और इसने चंद्रमा तक पहुंचने के लिए सबसे सीधे प्रक्षेप मार्ग का सहारा लिया है। लूना-25 अपने लॉन्चिंग के 11 दिन के भीतर ही लैंडिंग की तैयारी कर रहा था। इसी के साथ रूस ने चंद्रमा मिशन में एक ऐतिहासिक वापसी की थी, रूस ने पहली बार पाच दशक पहले साल 10976 यानी सोबियत युग के समय लूना-24 को चंद्रमा पर भेजा था। 21 अगस्त को इसकी चंद्रमा पर साफ्ट लैंडिंग होने वाली थी।

लूना 25 मिशन का उद्देश्य चंद्र ध्रुवीय रेजोलिथ (सतह सामग्री) की संरचना और चंद्र ध्रुवीय बाह्यमंडल के प्लाज्मा और धूल घटकों का अध्ययन करना था। बता दें कि बुधवार को रूस का लूना-25 चंद्रमा की कक्षा में चंद्रयान-3 के साथ शामिल हो गया था और यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपनी लैंडिंग के लिए तैयार था।



### कांग्रेस में हिम्मत है तो 50 साल का रिपोर्ट कार्ड दे : अमित शाह

**भोपाल, (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में राज्य सरकार के 20 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कांग्रेस को चुनौती दी कि अगर उसमें हिम्मत हो तो वह अपने 50 साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच जारी करे। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित गरीब कल्याण महा अभियान रिपोर्ट कार्ड 2003-2023 जारी करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बीते 20 साल में मध्य प्रदेश की तस्वीर बदली है। मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, जिसे देश के सबसे विकसित राज्य बनाने का प्रयास किया। अमित शाह ने कांग्रेस काल के 24 घोटालों का सिलसिलेवार जिक्र किया और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को बंटाधार कहकर कमलनाथ पर हमले बोले। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो अपने 50 साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर आए। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोगों से पूछना चाहता हूं कि आपने मध्य प्रदेश के साथ कितना न्याय किया, इसका हिसाब दीजिए और आंकड़े लेकर नौ करोड़ जनता के सामने आइए। केंद्र में जब 2004 से 14 के बीच सोनिया-मनमोहन की सरकार थी, तब मध्य प्रदेश को 1 लाख 58000 करोड रुपए 10 साल में दिए, वहीं मोदी सरकार ने नौ साल में आठ करोड़ 30 लाख करोड रुपए मध्य प्रदेश को देने का काम किया है। कांग्रेस पर उन्होंने हमला करते हुए कहा कि बंटाधार और कमलनाथ इधर-उधर की बात नहीं कीजिए, मध्य प्रदेश का काफिला क्यों लुटा, इसका जवाब जरूर दीजिए, यह कांग्रेस के काल में लुटा है।

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने किया सीडब्ल्यूसी की नई टीम का ऐलान, थरूर, पायलट, प्रियंका शामिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कई महीनों के सस्पेंस को खत्म करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के गठन की घोषणा की। इसमें शशि थरूर, सचिन पायलट, प्रियंका गांधी समेत कई अन-?य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। राजस्थान में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले इसमें पायलट को शामिल किया गया। जबकि पैनल में 39 सामान्य सदस्य शामिल हैं। इसमें 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य, कुछ राज्य प्रभारी और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। सूची में पदेन सदस्यों के रूप में युवा कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ, महिला कांग्रेस और सेवा दल के अध्यक्ष भी शामिल हैं।

50 साल से कम उम्र में 50 फीसदी के फॉर्मूले के तहत भी पायलट, के पटेल और गौरव गोगोई जैसे नेताओं को जगह मिली है। सुप्रिया श्रीनेत, अलका लांबा, दीपेंद्र हुडा, प्रिनीति शिंदे, यशोमति ठाकुर, जोथिमनी और अन्य को भी इसी फॉर्मूले के तहत शामिल किया गया है। पार्टी ने एक बयान में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने सीडब्ल्यूसी का गठन किया है। इसमें खड़गे के अलावा, पार्टी की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पार्टी के दिग्गज नेता ए.के. एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी. चिदंबरम, तारिक अनवर, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, कुमारी शैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, अजय माकन का नाम है। नई सीडब्ल्यूसी में पायलट, थरूर, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी का नाम भी शामिल है। 39 सदस्यीय सीडब्ल्यूसी सूची में पार्टी नेता ललथनहवला, अशोकराव चव्हाण, गइखंगम, एन रघुवीरा रेड्डी, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, जितेंद्र सिंह, दीपक बाबरिया, जगदीश ठाकोर, जीए मीर,, अविनाश पांडे, दीपा दास मुंशी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, गोगोई, सैयद नसीर हुसैन, कमलेश्वर पटेल और केसी वेणुगोपाल शामिल हैं।



इसके अलावा पार्टी ने वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेन्निथला, बी.के. हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, तारिक हमीद कर्रा, दीपेंद्र सिंह हुडा, गिरीश राया चोदनकर, टी. सुब्बारामी रेड्डी, के. राजू, चंद्रकांत हंडोरे, मीनाक्षी नटराजन, फूलो देवी नेताम, दामोदर राजा नरसिम्हा और सुदीप रॉय बर्मन स्?थाई आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया है।

पार्टी ने विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में पल्लम राजू, खेरा, गणेश गोदखल, कोडिकुनिल सुरेश, यशोमति ठाकुर, श्रीनेत, शिंदे, लांबा और वामशी चंद रेड्डी को शामिल किया है।

प्रदेश प्रभारी ए चेल्लाकुमार, भक्त चरण दास, अजॉय कुमार, हरीश चौधरी, राजीव शुक्ला, मनिकम टैगोर, सुखविंदर रंधावा, मानिकराव ठाकरे, रजनी पटेल, कन्हैया कुमार, गुरदीप सप्पल, सचिन राव, देवेंदर यादव और मनीष चतरथ को भी जगह मिली है। पिछले साल अक्टूबर में खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लगभग 10 महीने बाद नई सीडब्ल्यूसी की घोषणा की गई है।

गौरतलब है कि सीडब्ल्यूसी में शामिल किए गए थरूर ने खड़गे के खिलाफ पार्टी का अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा था। पायलट को 39 सदस्यीय पैनल में शामिल किया गया है, जिसे राजस्थान चुनाव से पहले लोकप्रिय नेता को संतुष्ट करने के एक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

पायलट ने 2020 में अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था, इसके बाद उन्हें उपमुख्यमंत्री और राजस्थान कांग्रेस प्रमुख के पद से हटा दिया गया था। जबकि, पैनल में शामिल अन्य नए लोगों में दीपा दास मुंशी और सैयद नसीर हुसैन शामिल हैं। दास मुंशी पश्चिम बंगाल से पूर्व सांसद और दिग्गज कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत प्रिय रंजन दास मुंशी की पत्नी हैं।

# स्पेन ने पहली बार जीता विमेंस फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड को 1-0 से हराया

**सिडनी, (एजेंसी)।** स्पेन ने पहली बार विमेंस फीफा वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया। मैच का इकलौता गोल 29वें मिनट में स्पेन की ओल्गा कार्मोना ने किया। इसके साथ ही 2011 के बाद पहली बार फीफा को विमेंस फुटबॉल में नया चैंपियन मिला है। 2011 में जापान ने वर्ल्ड कप जीता था। यह जापान का पहला खिताब था।

**स्पेन मेंस-विमेंस दोनों टाइटल जीतने वाला दूसरा देश बना :** स्पेन मेंस और विमेंस दोनों का फुटबॉल वर्ल्ड कप जीतने वाला दूसरा देश बन गया है। जर्मनी दोनों कैटेगरी में खिताब जीतने वाला पहला देश है। विमेंस वर्ल्ड कप की शुरुआत 1991 में हुई थी। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा खिताब अमेरिका ने (4 बार) जीते हैं।




**स्पेन ने किया डॉमिनेट :** इंग्लैंड ने पहले हाफ में चांस बनाए, लेकिन स्पेन ने दूसरे हाफ में पूरी तरह डॉमिनेट किया। मैच में स्पेन ने 58त्न समय बॉल अपने कब्जे में रखी। वहीं, गोल की ओर 13 शॉट मारे। इंग्लैंड ने गोल की ओर 8 शॉट मारे और 42त्न बॉल पजेशन रखा।

**दूसरे हाफ में स्पेन को मिला मौका, लेकिन चूका :** दूसरे हाफ में स्पेन अपनी बढ़त को बरकरार करने में सफल रहा। 70वें मिनट में स्पेन को पेनल्टी से गोल करने का चांस मिला। हालांकि इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने स्पेन की खिलाड़ी जेनिफर हर्मोसो की पेनल्टी बचाकर स्कोर 1-0 पर

# लद्दाख में लोगों की जमीन चीन ने छीन ली : राहुल गांधी

**लद्दाख, (एजेंसी)।** लद्दाख दौरे पर आए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि चीन ने यहां के लोगों की जमीन छीन ली है। उन्होंने कहा, चिंता की बात यह है कि चीन ने जमीन छीन ली है और लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि चीनी सेना (भारतीय क्षेत्र में) घुस आई है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक इंच जमीन नहीं खोई है, लेकिन लद्दाख में यह सच नहीं है। केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग बेरोजगारी और मुद्रास्फीति सहित विभिन्न मुद्दों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, लद्दाख में लोगों की बहुत सारी शिकायतें हैं। लोग उन्हें दिए गए दर्जे से खुश नहीं हैं, उन्हें प्रतिनिधित्व की जरूरत है। लोग कह रहे हैं कि प्रतिनिधित्व होना चाहिए, इसे नौकरशाही के माध्यम से नहीं चलाया जाना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, सभी लोग कह रहे हैं कि बेरोजगारी और महंगाई है। अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, मुझे लद्दाख आना था, लेकिन कुछ कारणों से मैं यहां नहीं आ सका। इसलिए, मैं उनकी परेशानियों को सुनने के लिए यहां आया हूं।

कांग्रेस सांसद ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी। पार्टी ने कहा कि यात्रा उसके सबसे निर्णायक जन संपर्क कार्यक्रमों में से एक थी।

# 2022 में भ्रष्टाचार की 1.15 लाख शिकायतें सतर्कता आयोग पहुंचीं

## गृह मंत्रालय कर्मचारियों की 46 हजार कंप्लेन, 2021 में भी सबसे ज्यादा इन्हीं की थीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय सतर्कता आयोगने देश के सबसे भ्रष्ट कर्मचारियों को लेकर रविवार (20 अगस्त) को अपनी ऐनुअल रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, 2022 में केंद्रीय गृह मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें मिली थीं। 2021 की रिपोर्ट में भी गृह मंत्रालय के कर्मचारी सबसे आगे थे। तब उनके खिलाफ 37 हजार 670 शिकायतें मिली थीं। इस बार दूसरे नंबर पर रेलवे और तीसरे नंबर पर बैंकिंग सेक्टर रहा। पिछले साल भी यही दोनों विभाग दूसरे-तीसरे नंबर पर थे।

**29 हजार 766 शिकायतें अभी भी पेंडिंग :** केंद्र सरकार के सभी विभागों और संगठनों के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 1 लाख 15 हजार 203 शिकायतें मिली थीं। इसमें सबसे ज्यादा 46 हजार 643 शिकायतें गृह मंत्रालय की थीं। कुल शिकायतों में से 85 हजार 437 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। वहीं, 29 हजार 766 शिकायतें अभी भी पेंडिंग में हैं, जिसमें 22 हजार 34 शिकायतें ऐसी हैं, जिनका तीन महीने से ज्यादा वक्त से निपटारा नहीं हुआ है।

**रेलवे के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 10 हजार शिकायतें मिलीं :** रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 10 हजार 580 और बैंकों के कर्मचारियों के खिलाफ 8 हजार 129 शिकायतें मिली थीं। गृह मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ मिली कुल शिकायतों में से 23 हजार 919 का निपटारा कर दिया गया है। 22 हजार 724 शिकायतें अभी भी पेंडिंग लिस्ट में पड़ी हैं। वहीं, 19 हजार 198 शिकायतें ऐसी हैं, जिनका तीन महीने से ज्यादा समय से निपटारा नहीं हुआ है।




वहीं, रेलवे ने 9 हजार 663 शिकायतों का निपटारा कर दिया है, जबकि 917 शिकायतें अभी भी पेंडिंग हैं। इसमें 9 शिकायतें ऐसी हैं, जो तीन महीने से ज्यादा समय से पेंडिंग में पड़ी हुई हैं। बैंकों ने भ्रष्टाचार की 7 हजार 762 शिकायतों का निपटारा कर दिया है। 367 पेंडिंग लिस्ट में हैं, जिसमें 78 तीन महीने से ज्यादा पुरानी हैं।

**दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 7 हजार शिकायतें :** पिछले साल दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 7 हजार 370 शिकायतें मिली थीं। इनमें से 6 हजार 804 का निपटारा कर दिया गया हैं। 566 शिकायतें अभी भी पेंडिंग में हैं, जिसमें से 18 तीन महीने से ज्यादा पुरानी हैं।

**4 हजार 710 शिकायतें आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की :** रिपोर्ट में 4 हजार 710 शिकायतें आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली मेट्रो रेल निगम, दिल्ली शहरी कला आयोग सहित हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड के कर्मचारियों के खिलाफ थीं। इनमें से 3 हजार 889 का निपटारा कर दिया गया है। 821 शिकायतें अभी भी पेंडिंग में हैं, जिसमें 577 तीन महीने से ज्यादा पुरानी हैं।

**सीवीसी जांच के लिए अफसर नियुक्त करता है :** भ्रष्टाचार की शिकायत आने पर सीवीसी एक मुख्य सतर्कता अधिकारी नियुक्त करता है। इसके पास मामले की जांच करने के लिए तीन महीने का समय होता है। इन तीनों महीनों में अधिकारी संस्था या व्यक्ति की जांच करता है और मामले का निपटारा करता है। इस दौरान ये ऑफिसर संस्थान से अलग होकर काम करते है।

# कस्बे में दूसरे दिन भी निकली तीज माता की सवारी



चमकता राजस्थान

बालेर /विशाल अग्रवाल,कस्बे में पुराने समय से दूसरे दिन भी तीज माता की सवारी निकालने की परंपरा चली आ रही है। उसी का निर्वहन करते हुए रविवार को भी तीज माता की सवारी बालेर फ़ोर्ट से निकाली गई।जो कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई नैनीताल सरोवर पहुँची। यहां महिलाओं ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की । इस दौरान हुई निशानेवाजी प्रतियोगिता में प्रतियोगियों ने अपना दमखम दिखाया। इसमें बन्दूक निशानेवाजी प्रतियोगिता आर्कषण का केन्द्र रही। देखने के लिए दर्शकों की भीड़ देर शाम तक रही। समाचार लिखे जाने तक निशानेवाजी अपना दमखम दिखला रहे थे। इस दौरान ठा. मानवेन्द्र सिंह राजावत , गौरव प्रताप सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि रामवीर मीना सहित कस्बे के ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज के द्वारा किया गया "झूला महोत्सव" के पोस्टर का विमोचन



चमकता राजस्थान

जयपुर-श्री श्याम पदयात्रा सेवा समिति हरमाड़ा के द्वारा 24 अगस्त गुरुवार 2023 को प्रातः 11:15 बजे से शाम 4 बजे तक झूला महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन रामेश्वरम मैरिज गार्डन, रोड नंबर 12, सीकर रोड, जयपुर में किया जाएगा। जिसके पोस्टर का विमोचन स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज हाथोज धाम के कर कमलों द्वारा किया गया।

पोस्टर विमोचन के अवसर पर संस्था के मुकेश छीपा, रतन सैनी, हनुमान गोयल, महेश सैनी, जीतू विजय, गोपाल गर्ग सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय जीवन दृष्टि कर्तव्य प्रधान है न कि पुरुष या स्त्री प्रधान - भाग्यश्री साठे



चमकता राजस्थान

जयपुर 20अगस्त। स्त्री शक्तिस्वरूपा है क्योंकि उसमें सृजन की क्षमता है। हमारी जीवन दृष्टि कर्तव्य प्रधान है न कि पुरुष या स्त्री प्रधान। ये उद्गार आज जयपुर के मानसरोवर स्थित दीप सभागार में आयोजित महिलाओं के महासम्मेलन संवर्धिनी में महिला समन्वय की अखिल भारतीय सह संयोजिका भाग्यश्री साठे ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में बहुत समय तक यह बहस चली कि स्त्री में आत्मा है या नहीं। इस भेदभाव के चलते स्त्री आंदोलन हुए, जिनमें बराबरी की मांग की गई।

इस्लामिक आक्रमणों के दौरान भारतीय समाज में भी कई विकृतियां आईं। सती प्रथा, बाल विवाह, रात में विवाह, पर्दा प्रथा , कन्या भ्रूण हत्या आदि इसी के परिणाम हैं। लेकिन अब समय बदल चुका है। स्त्रियां हर क्षेत्र में बड़ी बड़ी भूमिकाएं निभा रही हैं। पिपलांगी गाँव में कन्या जन्म पर उत्सव मनाया जाता है। हर कन्या जन्म पर 1100 पेड़ लगाए जाते हैं। चंद्रयान प्रक्षेपण टीम में भी महिलाओं ने प्रमुख भूमिका निभाई है। सत्र की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुमित्रा शर्मा ने की। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. मंजु शर्मा ने रखी।

*महिलाओं से सम्बंधित सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई*

समापन सत्र में मुख्यवक्ता के रूप में बोलते हुए पुष्पा जांगिड़ ने कहा कि यह हमारा अमृतकाल चल रहा है। यह नए संकल्पों के साथ उदीयमान भारत है। 2018 के एक सर्वे के अनुसार, ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर में भारत की 78% महिलाओं के पास पैन कार्ड हैं। 90% महिलाओं के पास वोटर/ आधार कार्ड हैं। उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। स्व का भाव जागृत हुआ है। वे शिक्षा से लेकर उद्योग तक हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन उनमें यह बदलाव अभी तक स्वयं व परिवार तक सीमित है। उन्हें समाज व देश के लिए अपनी भूमिका तय करनी होगी। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. सुनीता गुप्ता ने की।

महासम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधा। कलाकार कविता राय का शिव तांडव मंत्र मुग्ध करने वाला था। लोक नृत्य पधारो म्हारे देश राजस्थानी संस्कृति के भावों से ओत प्रोत था। मीरा बाई और रानी हाड़ा पर प्रस्तुत नाटिका अत्यंत प्रेरक व भाव विह्वल करने वाली थी।

सम्मेलन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। महासम्मेलन में 2000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। सभी के बीच सेल्फी प्वाइंट्स आकर्षण के केंद्र रहे।

# युवा नेता युसूफ अली को प्रत्याशी बनाने की माग।



चमकता राजस्थान

युवा नेता युसूफ अली टाक ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट से मुलाकात कर किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने के लिए अपना बायोडाटा दिया है इससे पूर्व जयपुर की प्रभारी अनुराधा मिश्रा से युवाओं के एक शिस्ट मंडल ने नए उभरते युवा युसूफ अली टाक को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाने की मांग करते हुए अनुराधा मिश्रा को बताया कि विधायक से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किए गए जनहित के कार्यों का इस क्षेत्र में पूरी तरह से लागू नहीं हो पा रहे हैं  पार्टी नए युवा व्यक्ति को प्रत्याशी बनती है तो कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ पार्टी को जिताने में सक्रिय रहेंगे।

# 'एक पेड़,एक ज़िंदगी,' विचार के अंतर्गत वृक्ष लगाने की व्यापक मुहिम को प्रदान की गई गति




चमकता राजस्थान

द एजुकेशन कमेटी ऑफ़ द माहेश्वरी समाज के द्वारा 'एक पेड़ एक ज़िंदगी' इस विचार के अंतर्गत चलाए जा रहे व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर में 18 अगस्त, 2023 दूसरे दिवस के विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम की सम्मानित अतिथियों के रूप में आमंत्रित श्री महेश जी तिवारी सेवा मुक्त डिप्टी कंजरवेटर, राजस्थान फॉरेस्ट विभाग , श्री शंकर जी तोतला, विद्यालय मानद् सचिव सीए. गणेश जी बाँगड़, भवन मंत्री अजय जी सारड़ा, विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती ज्योति जी माहेश्वरी व विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा भार्गव की उपस्थिति में शुरुआत की गई। सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों के द्वारा ज्ञान की देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के भवन मंत्री अजय जी सारड़ा ने स्वागत भाषण पढ़कर आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया तथा ईसीएमएस द्वारा चलाई जा रही वृक्षारोपण की विशेष व व्यापक मुहिम से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 12 दिनों तक अलग-अलग कक्षा के विद्यार्थियों को प्रतिदिन किसी विशेष फल से जुड़े हुए या किसी औषधि से जुड़े हुए पौधे को प्रदान किया जाएगा, जिसे विद्यार्थी घर जाकर माता-पिता के सहयोग से अपने घर के आस-पास लगाएँगे और उसके बड़े होने तक उसे संपूर्ण प्रकार से संरक्षण प्रदान करेंगे। भवन मंत्री के द्वारा चतुर्थ कक्षा के विद्यार्थियों को दिए जाने वाले सीताफल के पेड़, पत्ते के गुणों से अवगत कराया गया। आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा हरे- भरे वृक्षों को लगाने की प्रेरणा देने वाला नुक्कड़ नाटक, कविता, नृत्य व संगीत से परिपूर्ण कई प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा साथ ही अनेक विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण से जुड़ी हुई पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भी भाग लिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर कक्षा चतुर्थ के सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित अतिथियों, मानद् सचिव, भवन मंत्री श्री अजय जी सारड़ा, विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती ज्योति जी माहेश्वरी ने सीताफल का 1-1 पौधा प्रदान कर वृक्षारोपण की विशेष प्रेरणा दी।

# भान नगर विकास समिति ने पुरानी जर्जर पाइप लाइन को बदलवाए जाने पर किया हार्दिक आभार प्रकट।



चमकता राजस्थान

भान नगर विकास समिति के अध्यक्ष अशोक मीणा ने बताया की भान नगर कॉलोनी मैं पानी की पाइप लाइन 35 साल पुरानी व जर्जर हो गई थी जिससे कॉलोनी निवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

माननीय पीएचडी मंत्री डॉ महेश जोशी ने भान नगर कॉलोनी की पाइप लाइन बदलवा कर कॉलोनी वासियों को दीपावली से पूर्व तोहफा देकर सभी की समस्याओं का निवारण किया ।

इस उपलक्ष में भान नगर विकास समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष अशोक मीणा, संरक्षक वी के शर्मा सचिव अंकुर सक्सेना , कोषाध्यक्ष दीपक खंडेलवाल , और संगठन मंत्री दीपक बजोरिया ने माननीय मंत्री जी का भव्य सम्मान किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर" श्रद्धांजलि की अर्पित



चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) विधानसभा के हलैना के राष्ट्रीय राजमार्ग 21पर स्थित कांग्रेस कार्यालय आमोली टोल प्लाजा पर चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव रहे। विशिष्ट अतिथि पीसीसी सदस्य हिम्मत सिंह व योगेंद्र आर्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कंप्यूटर जगत क्रांति के जनक देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर फूल माला चढ़ाकर उनको याद किया गया। और दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम में क्षेत्र के चारों ओर से भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे जिनके लिए मीटिंग स्थल भी छोटा पड़ गया। इतनी भीड़ शायद किसी भी मीटिंग में देखी नहीं गई ।इतने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को देख कैबिनेट मंत्री भजन लाल जाटव काफी प्रसन्न नजर आए। जाटव ने कहा कि क्षेत्र की जनता मेरे लिए भगवान है। क्षेत्र में चहुमुखी विकास हुआ है आजादी के बाद से अब तक यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कृपा से क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, बिजली आदि क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुए हैं। क्षेत्र में विकास की गंगा बही है। क्षेत्र की जनता का मुझ पर पूरा आशीर्वाद प्राप्त है। जिसका उदाहरण आपके सामने है। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला और कहा कि देश की दुर्दशा करने में नरेंद्र मोदी सरकार का पूरा हाथ है जनता इनको सबक सिखाएगी और जिले की सभी सातों सीट पर कांग्रेस भारी बहुमत से विजय होगी और प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव देशराज पहाड़िया, ऋषि बदनपुरा, विनोद मोरदा, सतीश पांडे, चंद्र प्रकाश अवस्थी, शुगर सिंह खैर्रा ,मुनीम धाकड़ ,सहित लगभग दो हजार से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे और राजीव गांधी अमर रहे, राहुल गांधी जिंदाबाद, भजन लाल जाटव व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिंदाबाद से पूरा वातावरण गूंज उठा। जिसको देखकर सभी यह कहते नजर आए कि भजन लाल जाटव को हराना आसान नहीं है।

जहां पर कांग्रेस वी गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजना से प्रभावित होकर अनेक लोगों ने कांग्रेस की सदस्य ग्रहण की।

# प्रो जग्गो सिंह ने वैर विधानसभा में केंद सरकार की नीतियों का किया प्रचार प्रसार



चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) वैर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी के कद्दावर नेता रिटा. कॉलेज प्रोफेसर डॉ जग्गो सिंह ने गांव लुहासा में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्र सरकार में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। लुहासा ग्राम में एक विशाल भंडारे में उपस्थित रहकर प्रसाद ग्रहण कर जनमानस से संपर्क किया। केंद्र सरकार की बीजेपी सरकार की नीतियों रीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराया। भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार पेपर लीक,वर्तमान कांग्रेस सरकार को आगामी विधानसभा चुनावों में पूर्ण रूप से उखाड़ फेंककर आगामी विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनावों में बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाने का जनता से आह्वान किया। इस मौके पर धनीराम पूर्व सरपंच, रिटा. अध्यापक फतेह सिंह, भगवान सिंह, भूरीसिंह जटपुरा, रामेश्वर, उदय सिंह पूर्व सरपंच राजगढ़, नंदकिशोर उमरेड, सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चिंतन

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर एक्शन जरूरी

भ्रष्टाचारमुक्त शासन व्यवस्था के वादे के बावजूद सरकारी महकमे में करप्शन की जड़ें गहरी होना चिंता की बात है। पीएम नरेंद्र मोदी की राजग सरकार भ्रष्टाचार व कालाधन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ वर्ष 2014 में सत्ता में आई थी। उससे पहले देश कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के समय के बड़े बड़े घोटाले से त्रस्त था, नित नए घोटाले उजागर हो रहे थे, आवाम सरकारी भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती थी। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में कालाधन का पता लगाने के लिए कमेटी गठित की थी। इससे लगा सरकार कालाधन व भ्रष्टाचार के खिलाफ गंभीर है। हालांकि आज नौ साल में भी सरकार की ओर से कालाधन पर कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं आया। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए डीबीटी को व्यापक रूप से लागू किया, इससे सरकारी भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगा, कालाधन से मुक्ति के लिए विमुद्रीकरण भी किया। जन कल्याण योजनाओं में भुगतान ऑनलाइन किया, इससे सरकारी धन के दुरुपयोग में कमी आई, लेकिन देश के सरकारी महकमे से भ्रष्टाचार का अंत नहीं हो सका है। अभी देश में सिस्टमैटिक भ्रष्टाचार के साथ-साथ व्यक्तिगत उत्कोच की जड़ें गहरी बनी हुई हैं। सरकारी खरीद में नीतियों के जरिए करप्शन है तो सरकारी दफ्तरों में सेवा के बदले व्यक्तिगत उत्कोच विद्यमान हैं। सरकारी प्रयास क्यों विफल हो रहे हैं, यह गहन अध्ययन का विषय है। हाल में कैग ने अपनी रिपोर्ट में भारतमाला प्रोजेक्ट में भारी भ्रष्टाचार को चिन्हित किया है। कैग ने अपने ऑडिट में एक सड़क प्रोजेक्ट में 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर के मंजूर बजट में असली खर्च 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर होने की बात पकड़ी है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी जांच कराने का भरोसा दिया है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने हाल ही में जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2022 में उसके पास 1.15 लाख भ्रष्टाचार की शिकायतें आईं। इनमें भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें गृह मंत्रालय, रेलवे, बैंक अधिकारियों के खिलाफ हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में केंद्र सरकार के सभी विभागों और संगठनों में सभी श्रेणियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ऐसी कुल 1,15,203 शिकायतें प्राप्त हुईं। सीवीसी की रिपोर्ट इस बात की स्पष्ट सबूत दे रही है कि सरकारी महकमे में भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की शिकायतों पर एक्शन ले रही है, मामलों का निपटान कर रही है। पिछले नौ साल में अनेक भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। भष्टाचार निरोधी एजेंसियां लगातार सरकारी सिस्टम में व्याप्त करप्शन के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं, इसके बावजूद सरकार में पदासीन अधिकारियों-कर्मियों के भ्रष्ट आचरण पर अंकुश नहीं लग सका है। ट्रोसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत करप्शन इंडेक्स में 85वें स्थान पर है।। देश में सरकारी सिस्टमैटिक भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 388 परियोजनाओं की लागत देरी और अन्य कारणों से जुलाई 2023 में तय अनुमान से 4.65 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। अमृतकाल में हमें विकसित भारत का निर्माण करना है तो इसकी नींव भ्रष्टाचारमुक्त शासन व्यवस्था ही हो सकती है। सरकार के हर महकमे को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने के लिए करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए कठोर एक्शन जरूरी है।

# भारत में चीनी फंडिंग का सच



**विश्लेषण**
अवधेश कुमार

देश के 750 नामचीन लोगों ने न्यूजक्लिक के पक्ष में बयान जारी कर कहा है कि उसका उत्पीड़न हो रहा है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। उनके अनुसार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में न्यूजक्लिक के विरुद्ध किसी कानून का उल्लंघन करने की बात नहीं कही गई है। जिन लोगों ने न्यूजक्लिक के समर्थन में हस्ताक्षर किए हैं उनकी समाज में प्रतिष्ठा है। इसके साथ यह भी सच है कि इनमें से ज्यादातर का राजनीतिक एजेंडा एकपक्षीय राष्ट्रीय संघ, भाजपा और हिंदुत्व से घृणावाद और विरोधवाद फैलाना है। विरोध इनका अधिकार है, पर दुराग्रहों की सीमा पार कर जाते हैं कि आम व्यक्ति भी इनकी सोच पर संदेह व्यक्त करने लगता है।

देश के 750 नामचीन लोगों ने न्यूजक्लिक के पक्ष में बयान जारी कर कहा है कि उसका उत्पीड़न हो रहा है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। उनके अनुसार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में न्यूज़क्लिक के विरुद्ध किसी कानून का उल्लंघन करने की बात नहीं कही गई है। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह, इतिहासकार रोमिला थापर, जोया हसन, जयती घोष, हर्ष मंदर, अरुणा राय, एन राम, कॉलिन गोंजाल्विस, प्रशांत भूषण, आनंद पटवर्धन आदि शामिल हैं। एक लोकतांत्रिक खुले समाज एवं व्यवस्था में सरकार के समर्थक विरोधी, मध्यमार्गी, निष्पक्ष, सापेक्ष सभी प्रकार की अभिव्यक्ति के मंचों के लिए जगह होनी चाहिए। इसलिए न्यूजक्लिक अगर संगठन के रूप में आरएसएस, राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा और नरेंद्र मोदी सहित भाजपा सरकारों के विरोध को अपना एजेंडा बनाता है तो यह उसका अधिकार है, पर उसका वैचारिक विरोध होगा और होना भी चाहिए। अगर वह एजेंडा चलता है तो उसके विरुद्ध भी मान्य कानूनी तरीकों में एजेंडा चल सकता है, किंतु इसके आधार पर भारत सरकार या किसी प्रदेश सरकार की एजेंसियां उसके विरुद्ध कार्रवाई करे यह स्वीकार नहीं हो सकता। क्या न्यूजक्लिक कि विरोध वाकई उसके राजनीतिक एवं वैचारिक एजेंडे के कारण है?

जिन लोगों ने न्यूज़क्लिक के समर्थन में हस्ताक्षर किए हैं उनकी समाज में प्रतिष्ठा है। इसके साथ यह भी सच है कि इनमें से ज्यादातर का राजनीतिक एजेंडा एकपक्षीय राष्ट्रीय संघ, भाजपा और हिंदुत्व से घृणावाद और विरोधवाद फैलाना है। विरोध इनका अधिकार है, पर ये दुराग्रहों की सीमा पार कर उस स्तर पर चले जाते हैं कि आम व्यक्ति भी इनकी सोच पर संदेह व्यक्त करने लगता है। इन्होंने इतना सच कहा है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खोजपूर्ण रिपोर्ट में न्यूज़क्लिक द्वारा भारत में कानून के उल्लंघन की बात नहीं लिखी है। इन्होंने यह तथ्य नहीं लिखा कि न्यूयॉर्क टाइम्स की छानबीन न्यूज़क्लिक पर न होकर इसके फाइनेंसर नेविले राय सिंघम, अमेरिका सहित विश्व भर में फैले मीडिया एवं गैर सरकारी संगठनों आदि के माध्यम से फैला उनका विस्तृत जाल तथा चीन के साथ उनके संबंध हैं। इन्हीं की चर्चा करते हुए न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत में न्यूज़क्लिक का उल्लेख किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स छानबीन की रिपोर्ट से साफ है कि सिंघम चीनी एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए कई हजार करोड़ की फंडिंग कर रहे हैं और उसमें न्यूज़क्लिक भी शामिल है तो फिर इसे पाक साफ कैसे कहा जा सकता है? न्यूजक्लिक के मामले के दो पहलू है-वित्त पोषण के साथ चीनी एजेंडे का जुड़ाव और दूसरा इसमें भारतीय कानूनों का उल्लंघन। न्यूज़क्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड को 2018 से करीब 38 करोड रुपया सिंघम प्राप्त हुआ है। इसको जस्टिस एंड एजुकेशन फंड इंक, यूएस; जीएसपीएएन एलएलसी, यूएस; ट्राईकॉन्टिनेंटल लिमिटेड इंक, यूएसए के अलावा सेंट्रो पॉपुलर डेमिडास, ब्राजील से फंड मिला। न्यूयॉर्क टाइम्स लिखता है कि अमेरिकी अरबपति सिंघम की विश्वभर में चीन का बचाव करने और उसका प्रोपेगेंडा




आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका है और उनके पास भरपूर धन है। यह कैसे काम करता है इसका एक उदाहरण देखिए। कोल्ड वॉर ग्रुप के बारे में माना जाता था कि यह अमेरिका और ब्रिटिश एक्टिविस्टों का बिगड़ा हुआ समूह है। इसके अनेक प्रदर्शन होते थे। पिछले दिनों नवंबर 2021 में एशियाइयों के खिलाफ घृणा अपराध के विरोध प्रदर्शन में लंदन के चायना टाइम में कई सक्रिय समूहों में यह भी था। उसमें प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई तो लोगों को आश्चर्य हुआ। विरोध जताने वाले अधिकतर लोग चीनी थे। झगड़ा उस समय हुआ जब कोल्ड वॉर ग्रुप के लोगों ने हांगकांग में लोकतंत्र आंदोलन का समर्थन करने वाले एक्टिविस्टों पर हमला कर दिया। लोगों को समझ में नहीं आया कि अमेरिकी ब्रिटिश एक्टिविस्टों के लोग हमला क्यों कर रहे हैं। बाद में पता चला कि यह चीन का बचाव करने और उसका प्रोपगंडा चलाने वाला समूह है। सोचिए, नाम कोल्ड वॉर ग्रुप और काम क्या है? रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एंटीवर्ट समूह कोड पिंक में भी समय बीतने के साथ बदलाव आया है। न्यूयॉर्क टाइम्स बताता है कि सिंघम के पास गैर-लाभकारी संगठन का इतने बड़े जाल है कि उनमें यह बात लगभग छुपी रही है कि वे चीन सरकार की मीडिया के साथ काम करते हैं। 69 वर्षीय सिंघम शिकागो में सॉफ्टवेयर कंसलटेंसी कंपनी थॉटवर्क्स चलाते हैं और शंघाई में बैठते हैं। वहां उनका नेटवर्क यूट्यूब पर एक शो आयोजित करता है। इसके लिए शंघाई का प्रोपोगंडा विभाग भी पैसा देता है। सिंघम ने बयान दिया कि वह चीन सरकार के निर्देश पर काम नहीं करते। सच यह है कि सिंघम के समूह चीन के पक्ष में अभियान के लिए यूट्यूब वीडियो बनाते हैं, राजनीति को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स का मूल लक्ष्य भारत था ही नहीं। न्यूयॉर्क टाइम्स मूलतः अमेरिकियों को बता रहा है कि हमारे यहां किस तरह से चीनी एजेंडा चलाने वाला एक व्यक्ति अलग-अलग समूहों और सेल कंपनियों के माध्यम से काम कर रहा है। अमेरिका में सिंघम से जुड़ा कोई समूह विदेशी एजेंट रजिस्ट्रेशन कानून के तहत निबंधित नहीं है। अमेरिका में दूसरे देशों की ओर से जनमत को प्रभावित करने के अभियान चलाने वाले समूहों का निबंधन आवश्यक है। न्यूयॉर्क टाइम्स बता रहा है कि यह अखबार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की प्रशंसा में लिखता है। इसने स्पष्ट लिखा है कि नई दिल्ली में कॉरपोरेट्स फाइलिंग से पता लगा है कि सिंघम के नेटवर्क न्यूज़ साइट न्यूज़क्लिक को फाइनेंस किया है। ये समूह तालमेल से काम करते हैं। उन्होंने एक-दूसरे के कंटेंट सोशल मीडिया पर सैकड़ों बार पोस्ट की है।

यह है न्यूयॉर्क टाइम्स की छानबीन। हस्ताक्षर करने वाले नामचीन लोगों ने निश्चय ही रिपोर्ट को पढ़ा होगा। क्या इसके बाद कोई मानेगा कि सिंघम से जुड़ा कोई मीडिया संस्थान निष्पक्ष होकर काम करेगा? ईडी या प्रवर्तन निदेशालय की छानबीन से जो जानकारी सामने आई उसके अनुसार न्यूज पोर्टल को आए धन में से 52 लाख बप्पादित्या सिन्हा को दिए गए। बप्पादित्या सिन्हा कम्युनिस्ट नेताओं के ट्विटर हैंडल भी संभालते हैं। धन का एक हिस्सा गौतम नवलखा के पास गया। निश्चित रूप से ये भुगतान उनके लेख या रिपोर्ट आदि के लिए ही गया होगा। एजेंडा फैलाने वालों को इसी तरह भुगतान किया जाता है जिनमें कानूनी रूप से कोई खांच न रहे। यह देखना प्रवर्तन निदेशालय का काम है कि जो धन आए उनमें कानून और रिजर्व बैंक के नियमों का पालन हुआ या नहीं? न्यूजक्लिक ने अपने बयान में कहा कि उसने इनका पालन किया है। हो सकता है। कानूनी रूप से शायद गलत न भी हो, पर न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के बाद भी यदि भारतीय होने के नाते इसकी टीम को कोई समस्या नहीं है तो देश अवश्य इनसे प्रश्न करेगा? संघ, भाजपा व मोदी विरोध के नाम पर न्यूजक्लिक के पक्ष में हस्ताक्षर करने वालों, अभियान चलाने वालों से भी पूछा जाएगा कि क्या वे चीन के एजेंडे को सही मानते हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कामाक्षी अम्मन मंदिर दिव्य देवी कामाक्षी को समर्पित है, जिन्हें प्रेम, प्रजनन क्षमता और शक्ति की हिंदू देवी पार्वती का अवतार माना जाता है। कामाक्षी अम्मन मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है, माना जाता है इस स्थान पर देवी सती की नाभि गिरी थी। कामाक्षी नाम में, 'का' अक्षर सरस्वती का प्रतिनिधित्व करता है, 'मां' लक्ष्मी का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि 'अक्षी' का अर्थ है आंखों को देखना।


## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है, वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं। व्यसनग्रस्त माता-पिता की संतान यदि दुर्व्यसनों की आदि हो जाती है तो कसूरवार उनकी संतान कैसे हो सकती है।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस

प्रत्यूष शर्मा



# परिवार की शान हैं बुजुर्ग

बालगंगाधर तिलक ने कहा था कि 'तुम्हें कब क्या करना है यह बताना बुद्धि का काम है, पर कैसे करना है यह अनुभव ही बता सकता है।' बुजुर्ग शब्द दिमाग में आते ही उम्र व विचारों से परिपक्व व्यक्ति की छवि सामने आती है। बुजुर्ग अनुभवों का वह खजाना है जो हमें जीवन पथ के कठिन मोड़ पर उचित दिशा निर्देश करते हैं। बुजुर्ग घर का मुखिया होता है इस कारण वह बच्चों को कोई गलत कार्य करते हुए देखते हैं तो सहन नहीं कर पाते हैं और उनके कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। जिसे बच्चे पसंद नहीं करते हैं, कई बार बच्चे बुजुर्गों की बातों को अनदेखा कर देते हैं। जिस बुजुर्ग ने अपनी परिवार रूपी बगिया के पौधों को अपने खून पसीने रूपी खाद से सींच कर पल्लवित किया होता है, इस व्यवहार से उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है। एक समय था जब बुजुर्ग को परिवार पर बोझ नहीं बल्कि मार्गदर्शक समझा जाता था, लेकिन आज वही छत अपनी सुरक्षा की तलाश में भटक रही है। टूटते संयुक्त परिवार, स्वार्थ की बढ़ती भावना, नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का अवमूल्यन जैसे अनेक कारण हैं जिनके कारण बुजुर्गों को आज परिवार में वो अहम स्थान नहीं मिल रहा जिनके वो असल में हकदार हैं। बुजुर्ग के घर में रहने से नौकरीपेशा माता-पिता बच्चों की देखभाल के प्रति निश्चिंत रहते हैं। बुजुर्गों में चिड़चिड़ाहट उनकी उम्र का तकाजा होता है। वे गलत बात बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं, इसलिए परिवार के सदस्यों को उनकी भावनाओं को समझकर ठंडे दिमाग से उनकी बात सुननी चाहिए। सदस्यों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई ऐसी बात न करें जो घर के बुजुर्गों को बुरी लगे। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार करने से घर में अशांति बनी रहती है। इस जीवन संध्या में उन्हें आदर व अपनेपन की जरूरत होती है। जीवन के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों को अपनो के प्यार की ज़रूरत होती है, वो चाहते हैं कि बच्चे कुछ समय हमारे साथ बिताएं। बच्चों की कुछ मजबूरियां हो सकती हैं, विशेषकर उनकी जो देश-विदेश में रोज़गार के लिए बस गए हैं, लेकिन कुछ ऐसे परिवार भी हैं जिनके बच्चे उसी शहर, कई बार उसी घर में रहते हैं लेकिन उनके पास माता पिता से बात करने को छोड़कर हर चीज के लिए समय होता है। बच्चों का यह व्यवहार अक्सर इन बुजुर्गों की मानसिक पीड़ा का कारण बनता है। सब कुछ होते हुए भी अकेलेपन की पीड़ा का दर्द भोगते इन बुजुर्गों की स्थिति सचमुच शोचनीय है। आज के व्यस्त दौर में हम अपने बुजुर्गों की सलाह लेना भूल ही गए हैं। पहले दादी-नानी की कहानियों में साहस के साथ-साथ संदेश भी होता था। उन कहानियों का उद्देश्य बच्चों को मात्र खुश करना नहीं था बल्कि हमें संस्कार, रीति- रिवाज, और आदरभाव की ओर अग्रसित करना था। जो बच्चा आज अपने बुजुर्गों के साथ बैठकर उनसे संस्कार ग्रहण करता है वह जीवन में कभी असफल नहीं होता। हमें थोड़ा सा समय निकाल कर बुजुर्गों की सेवा में लगाना चाहिए और उनकी सीख पर ध्यान देते हुए उनके दिए संस्कारों को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए।



(लेखक फ्रीलांस राइटर हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आयुष्मान योजना का लाभ सभी को नहीं मिलता

केंद्र सरकार की गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही है। सरकार ने इस योजना को लागू कर गरीब लोगों को महंगे इलाज से मुक्ति दिलाने के लिए एक अच्छी पहल की है। बहुत से गरीब लोग इसका लाभ ले चुके हैं, बहुत से ले रहे होंगे और भविष्य में बहुतेरे लेंगे भी। हमारे देश में गरीबी बहुत है, इसलिए सरकार को ऐसी योजनाएं समय-समय पर अमल में लानी ही चाहिए। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी गरीबों को मिल रहा होगा, और दूसरा समृद्ध लोग भी इसका फायदा देश में फैले भ्रष्टाचार के कारण जरूर ले रहे होंगे। कुछ समय पहले पंजाब में बुढ़ापा पेंशन फर्जीवाड़ा सामने आया था। और भी फर्जीवाड़े सामने आए हैं।

*- मुकेश गुप्ता, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# निकारागुआ के अधिकारियों का अमेरिका ने वीजा किया रद्द

अमेरिका के विदेश विभाग ने निकारागुआ के राष्ट्रपति डेनियल ओर्टेगा की सरकार का समर्थन करने के लिए मध्य अमेरिकी देश के 100 से अधिक अधिकारियों पर शनिवार को वीजा पाबंदियां लगायीं। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि उनके कार्यालय ने 'निकारागुआ के उन 100 अधिकारियों पर वीजा पाबंदियां लगाने के लिए कदम उठाए हैं जिन्होंने निकारागुआ के नागरिकों के मानव अधिकारों का दमन किया और लोकतंत्र को कमजोर किया।' उन्होंने कहा, 'हम सरकार से बिशप रोलैंडो अल्वारेज तथा अनुचित तरीके से हिरासत में लिए सभी लोगों को बिना किसी शर्त के तत्काल रिहा करने की मांग करते हैं।' निकारागुआ सरकार के कटु आलोचक बिशप रोलैंडो अल्वारेज को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की कथित तौर पर मदद करने के लिए ओर्टेगा सरकार ने जेल में डाल दिया है। उन्हें 26 साल की सजा सुनायी गयी है। ओर्टेगा ने 2021 के चुनाव में लगातार चौथी बार जीतने के लिए विपक्ष के कई नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने पहले भी निकारागुआ के शीर्ष अधिकारियों के साथ ही विपक्षी नेताओं तथा सांसदों को सजा सुनाने वाले न्यायाधीशों के वीजा रद्द किए थे।




## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है

नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे



## ट्रेंड

### राष्ट्रीय राजमार्ग अच्छे हुए



राष्ट्रीय राजमार्ग अच्छे होने के कारण उस पर आवागमन बढ़ा है। गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के साथ साथ सड़क दुर्घटना रोकना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दिशा में कई स्तर पर प्रयास चल रहे हैं और उसके सार्थक परिणाम भी आए हैं।

-नितिन गड़करी, केंद्रीय मंत्री

### संसार में कुछ स्थायी नहीं



सत्यान्वेषी सुख-दुख, मान-अपमान, हानि-लाभ, जय-पराजय, यश-अपयश आदि बाह्य आवेगों से प्रभावित नही होते। यह संसार नश्वर और नित्य परिवर्तनशील है, यहां कुछ भी स्थायी नही है। इस मरणधर्मा जगत के सभी वस्तु-पदार्थ भी नाशवान है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### हिमाचल में ट्रेजिडी से दुःखी



पिछले कुछ दिनों से हिमाचल में प्रकृति के प्रकोप के वीडियो देख रहा हूं। मन बेहद विचलित है। इस ट्रेजडी से बहुत सारे लोगों का नुक़सान हुआ है। किसी ने अपना घर खोया है तो किसी ने अपने जानवर। मेरी सभी से प्रार्थना है कि लोगों की मदद करें।

-अनुपम खेर, अभिनेता

### नियम का विरोध क्यों



डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखने के नियम का विरोध क्यों कर रहे हैं? क्या एनएमसी ने लाखों चिकित्सा प्रतिनिधि नौकरियों को ध्यान में रखा है जो खत्म हो जाएंगी? क्या एनएमसी ने एनपीपीए और मूल्य नियंत्रण को ध्यान में रखा है?

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

**मंज़िल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है!!
पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है!**

## हिमाचल में आपदा का नड्डा ने लिया जायजा, अनुराग ठाकुर भी रहे साथ

# यह राजनीति नहीं मानवता का विषय, केंद्र हर सहयोग करेगा

### यह भी बोले- जब तक सभी व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो जाती, जारी रहेगी सरकारी मदद

एजेंसी ▶▶ शिमला

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान नड्डा ने कहा कि वे आपदा में राजनीति के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि ये राजनीति का नहीं, बल्कि मानवता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस आपदा की घड़ी में हम एकजुट होकर हिमाचल की सेवा करेंगे। राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के सवाल पर नड्डा ने कहा कि यह कोई आपदा घोषित करने का विषय नहीं है। हम यह आश्वासन दे रहे हैं कि सरकार जो मांगेगी, उन्हें हर हालात में वह मदद दी जाएगी।

#### हर समस्या का करेंगे निवारण

नड्डा का हिमाचल प्रदेश गृह राज्य भी है। नड्डा ने कहा कि हिमाचल सरकार जो समस्या बताएगी, वे उसका निवारण करेंगे। उन्होंने खुद बैठक में सीएम सुक्खू को यह बात कही है। नड्डा ने कहा कि हम मिलकर हिमाचल प्रदेश को ताकत देंगे। जब तक हिमाचल प्रदेश में सभी व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो जाती, तब तक केंद्र सरकार सहयोग करती रहेगी। भाजपा के सभी सांसद अपनी सांसद निधि को कोष में देंगे नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी हिमाचल प्रदेश के हालात को लेकर व्यथित और चिंतित हैं।



#### कृष्णा नगर इलाके का दौरा किया

नड्डा और ठाकुर ने शिमला के कृष्णा नगर इलाके का दौरा किया। यहां 2 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 6 इमारतें ढह गई थीं। जिस तरह से हिमाचल प्रदेश बाढ़ और बारिश से जूझ रहा है, वह भारत सरकार के लिए चिंता का विषय है। इसको लेकर पीएम मोदी ने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से लगातार बातचीत की। नड्डा ने कहा कि भारत सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और हर संभव सहायता प्रदान की है। जिस क्षेत्र में हम काम कर रहे हैं उस क्षेत्र में राजनीति होने का अंदेशा रहता है।

#### केंद्र दे चुका 360 करोड़ रुपए, मदद के लिए सेना भी भेजी

नड्डा ने कहा कि केंद्र हिमाचल को हर मदद दे रहा है। 10 जुलाई को सरकार ने 180 करोड़ रुपए स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड के तौर पर दिए। 17 जुलाई को 180 करोड़ की दूसरी किस्त दी। 7 अगस्त को सुक्खू ने पीएम और शाह से मुलाकात की और 315 करोड़ रुपए मांगे। अगले ही दिन 184 करोड़ की राशि जारी कर दी गई।



#### उधर, पांच वार्डों में भूस्खलन का खतरा, पलायन शुरू

राजधानी के पांच वार्डों की कई रिहायशी कॉलोनियों में दरारें बढ़ने से इनमें भूस्खलन का खतरा मंडरा गया है। लोगों ने यहां से पलायन करना शुरू कर दिया है। कृष्णानगर, फागली, नाभा, समरहिल और अनाडेल वार्ड के कुछ रिहायशी इलाकों में बारिश से भूस्खलन का खतरा बढ़ा है। कृष्णानगर वार्ड में ही अब तक 50 से ज्यादा परिवारों ने अपने मकान और द्वारे खाली कर दिए हैं।



---

## खबर संक्षेप

### जादवपुर में छात्र की मौत, डीन का इस्तीफा

**कोलकाता।** जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्र की रैगिंग के मामले में यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ साइंस सुबिनय चक्रवर्ती ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रविवार को कुलपति अमिताभ दत्ता को ईमेल के जरिए इस्तीफा सौंप दिया। चक्रवर्ती विवि के गणित विभाग के प्रोफेसर हैं। नए वीसी बुद्धदेव साव की नियुक्ति के 12 घंटे के अंदर यह इस्तीफा सामने आया है।उन्होंने निजी कारणों का हवाला दिया है।



### बिश्नोई ने भाई को दी सलमान की 'सुपारी'!

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को मारने की सुपारी अपने भाई और साथी गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को दी है। स्पेशल सेल से जुड़े सूत्रों कहा किउन्होंने कहा कि बिश्नोई ने सलमान को मारने के लिए तीन बार योजना बनाई थी, लेकिन हर कोशिश विफल रही। मारने के लिए बिश्नोई द्वारा डिजाइन किए गए इन ऑपरेशनों का नेतृत्व संपत नेहरा, दीपक और टीनू ने किया था।



### मिजोरम में प्याज 63 रुपए किलो तक पहुंचा

**आइजॉल।** कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार प्याज की ऑल इंडिया एवरेज रिटेल प्राइस शनिवार को 30.72 रुपए प्रति किलो थी। अधिकतम कीमत मिजोरम के चंफई में है जहां 63 रुपए प्रति किलो में प्याज बिक रहा है। न्यूनतम कीमत मध्य प्रदेश के नीमच और बुरहानपुर में है जहां प्याज 10 रुपए प्रति किलो में बिक रहा है।



### महिलाओं ने बीच सड़क चलाए लात-घूंसे

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-34 से एक वीडियो सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि 3-4महिलाओं के बीच सड़क पर जमकर हाथापाई हो रही है। महिलाएं एक दूसरे पर थप्पड़ बरसा रही हैं। बताया जा रहा पूरा विवाद गाड़ी गलत साइड चलाने पर हुआ। इस मामले में अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं हुई है। जब महिलाओं के बीच झड़प हुई तो कुछ देर के लिए जाम लग गया।



### कारों की टक्कर में चार की मौत, तीन घायल

**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में दो कारों की टक्कर से उनमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसा शनिवार देर रात पार्लिका गांव के नजदीक हुआ। सातों पीड़ित हरियाणा के हिसार जिले के रहने वाले हैं और एक ही कार में सवार थे। मृतकों की पहचान अनिल , सुरेंद्र,कृष्णा और राजेश के तौर पर की गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं।



---



### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी की नई तस्वीरें

# राम मंदिर का विहंगम नजारा... फ्रंट व्यू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम जन्मभूमि मंदिर की सबसे विहंगम तस्वीर राम मंदिर ट्रस्ट ने जारी की है। यह तस्वीर मंदिर का फ्रंट लुक प्रदर्शित करती है और सामने से मंदिर किस तरह नजर आएगा यह सब कुछ दिखाती भी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने राम मंदिर की नई फोटोज को एक्स पर पोस्ट किया है। ये तस्वीरें शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दौरे के दौरान खींची गईं। सीएम योगी ने इस दौरान राम मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लिया। उस वक्त उनके साथ कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि अगले साल जनवरी महीने में राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।



#### भक्तों के लिए परिक्रमा मार्ग

श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रांगण क्षेत्र समेत कुल 8 एकड़ भूमि में एक आयताकार दो मंजिला परिक्रमा मार्ग परकोटे का भी निर्माण हो रहा है। यह भीतरी भूतल से 18 फीट ऊंचा होगा और इसकी चौड़ाई 14 फीट होगी। राम जन्मभूमि परिसर में एक राम कथा कुंज की भी स्थापना होगी जिसमें श्री राम के जीवन चक्र को अलग-अलग वृतांत वाली मूर्तियों के जरिए समझाया जाएगा।

**मंदिर का आकार :** श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भूतल पर पूर्व और पश्चिम दिशा में लंबाई 380 फीट है तथा उत्तर और दक्षिण दिशा में चौड़ाई 250 फीट होगी। यह मंदिर भूतल के साथ तीन मंजिल का होने वाला है। मंदिर की कुल ऊंचाई 392 फीट होगी जिसमें भूतल 166 फीट, प्रथम तल 144 फीट और द्वितीय तल 82 फीट ऊंचा होगा। गर्भ गृह और उसके आसपास नक्काशीदार बलुआ पत्थरों का उपयोग हुआ है। इसके लिए लगभग 4.70 लाख क्यूबिक फिट नक्काशी दर पत्थरों को राजस्थान के भरतपुर जिले में बंसी, पहाड़पुर और सिरोही जिले के पिंडवाड़ा से लाया गया है।

---

#### कोटा-पटना एक्सप्रेस में तबीयत बिगड़ी

## 2 यात्रियों की मौत और आठ को कराया भर्ती



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोटा-पटना एक्सप्रेस में अचानक यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की घटना सामने आई है। चलती ट्रेन में यात्रियों की तबीयत बिगड़ने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई यात्रियों की हालात खराब है। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद यात्रियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एस 2 बोगी में सवार यात्रियों के एक समूह ने अचानक तबीयत बिगड़ने की शिकायत की। उन्हें उल्टी, दस्त की परेशानी होने लगी। चलती ट्रेन में ही एक महिला ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद यात्रियों ने फौरन रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर इसकी शिकायत की। जिसके बाद आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने फौरन टीम को आगरा कैंट स्टेशन भेजा।

#### 90 लोगों का समूह मथुरा जा रहा था

मेडिकल इमरजेंसी को देखते हुए रेलवे अधिकारियों ने फौरन बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने का काम शुरू कर दिया। करीब 10 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां आठ की हालात नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक 90 लोगों का एक समूह वाराणसी से मथुरा जा रहे थे। 15 अगस्त को ही ये लोग रायपुर से वाराणसी गए थे। वहां बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद ये लोग मथुरा के लिए निकले थे। कोटा-पटना एक्सप्रेस में सफर के दौरान अचानक से लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक डिहाइड्रेशन और फूड पॉइजनिंग के चलते यात्रियों की तबीयत बिगड़ी है। आरपीएफ और जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### डिहाइड्रेशन बताया जा रहा कारण

आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि जानकारी मिलने पर यात्रियों को उतारा गया। जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया जाता दो यात्रियों की मौत हो गई। बाकी अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह जहरखुरानी का मामला नहीं है। डिहाइड्रेशन के चलते यात्रियों की तबीयत बिगड़ी है।

---

#### मेवात हिंसा के खिलाफ जंतर-मंतर पर जुटे हिंदू संगठन

## इजाजत के बाद भी पुलिस ने बीच में ही रोक दी पंचायत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मेवात में हिंसा के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर हिंदू संगठनों ने एक पंचायत बुलाई गई थी। इसमें दिल्ली और हरियाणा के हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि जुटे। दोपहर 12 बजे शुरू हुई पंचायत की अनुमति दो बजे दोपहर तक की थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इसे बीच में ही रोक दिया।पंचायत के मंच से लगातार समुदाय विशेष के विरोध में आपत्तिजनक बयान दिए जा रहे थे, जिसके बाद दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने आयोजकों से कहा कि उनको शांतिपूर्ण पंचायत के लिए अनुमति दी गई थी, लेकिन लगातार जिस तरह के बयान मंच से आ रहे हैं उसके बाद ये अनुमति रद्द की जाती है। आल इंडिया सनातन फेडरेशन के बैनर तले इस पंचायत का आयोजन किया गया था, जिसमें अन्य हिंदू संगठन भी शामिल थे।

#### बिट्टू की तुरंत रिहाई की मांग

भाजपा नेता जय भगवान गोयल, डासना पीठ के स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती, हिंदू सेना के विष्णु गुप्ता और अन्य ऐसे लोगों के भाषण पर दिल्ली पुलिस ने आपत्ति जताते हुए तुरंत पंचायत को रोकने की बात कही। कई लोगों ने अपने भाषण में बिट्टू बजरंगी और मोनू मानेसर का समर्थन किया और तुरंत बिट्टू की रिहाई की मांग की। लोगों का कहना था कि हमला हिंदुओं पर हुआ और कार्रवाई भी हिंदुओं के खिलाफ ही की जा रही है।



#### दिशा-निर्देश का पालन न करने पर लगाई रोक

पंचायत के आयोजन की अनुमति देने के बावजूद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। पंचायत के लिए अलग बैरिकेडिंग बनाई गई थी और मीडिया के लिए सड़क की दूसरी तरफ अलग घेरा बनाया गया था। इतना ही नहीं दिशा निर्देशों के साथ ही पंचायत के आयोजन की अनुमति थी और उसका पालन न होने के कारण ही पंचायत को बीच में रोक दिया गया।


#### आपत्तिजनक पोस्ट

## छावनी में बदली बरेली, 600 पर केस, 30 अरेस्ट



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली के शीशगढ़ थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने के बाद बवाल हो गया था। इंस्पेक्टर विजय कुमार ने 600 अज्ञात और दूसरे समुदाय के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर में कहा गया कि भीड़ ने हाथों में लाठी-डंडे और हथियारों से पुलिस पर हमला किया।

## रामकृष्ण मठ में ओणम उत्सव



**एर्नाकुलम।** रविवार को एर्नाकुलम में रामकृष्ण मठ में ओणम उत्सव के हिस्से के रूप में महिलाएं रस्साकशी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

---

#### केंद्रीय एजेंसी मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारणों का लगाएगी पता

# राज्य में अब 20 मामलों की सीबीआई करेगी जांच

### एंबुलेंस में जिंदा जले मासूम, मां और चाची का मामला भी देखेगी एजेंसी

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर पुलिस ने सीबीआई को 20 मामले सौंपे हैं। इनमें वे मामले भी शामिल है, जिसमें एक कुकी-मैतई अभिभावक के 7वर्षीय लड़के को उसकी मां और चाची के साथ जिंदा जलाने की घटना की जांच भी शामिल हैं। अधिकारियों बताया कि सीबीआई ने राज्य में तीन मई को हुए जातीय संघर्ष की जांच शुरू कर दी है। मैतई समुदाय की एसटी दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए गए थे। कुकी और मैतई के बीच झड़पें हुईं। हिंसा में 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। पश्चिम इंफाल जिले के इरोइसेम्बा में चार जून को पुलिस की सुरक्षा में जा रही एंबुलेंस पर भीड़ ने हमला कर दिया था।

#### अधिकारियों को दो प्राथमिकियां सौंपी गईं



फायरिंग के दौरान सिर में गोली लगने के बाद उसकी मां और चाची मीना हैंगसिंग और लिडिया लौरेमबाम उसे इंफाल के एक अस्पताल ले जा रही थीं। लड़के की मां मैतई समुदाय से थीं, उसके पिता एक कुकी थे। सीबीआई के अधिकारियों को दो प्राथमिकियां सौंपी गई हैं, जिनमें से एक पुलिस द्वारा लाम्फेल थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी है और दूसरी लड़के के पिता जोशुआ हैंगिंग द्वारा कांगपोकपी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी है। लाम्फेल पुलिस थाने में हत्या से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### भीड़ ने गुहार लगाने के बावजूद लगाई थी आग

अधिकारियों ने बताया कि तोंसिंग अपनी मां और चाची के साथ एंबुलेंस में एक ड्राइवर और एक नर्स के साथ थे जब भीड़ ने उन पर हमला किया। चालक और नर्स को भागने दिया गया जबकि हवा में गोली चलाने वाले पुलिसकर्मियों को पीछे हटना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ ने लड़के की मां और चाची के बार-बार गुहार लगाने पर कोई ध्यान नहीं दिया और वाहन के अंदर उनके साथ एंबुलेंस में आग लगा दी।

#### थावाई कुकी गांव में तैनात होंगे बीएसएफ के जवान

राज्य के उखरुल जिले के थावाई कुकी गांव में बीएसएफ की एक टीम तैनात की जा सकती है, जहां शुक्रवार को हथियारबंद लोगों ने तीन लोगों की हत्या कर दी थी। खबर है कि सुरक्षा बल पास की पहाड़ियों के जंगलों में तलाशी अभियान चला रहे हैं जहां हथियारबंद लोगों के छिपे होने की आशंका है। गांव में बीएसएफ की टीम तैनात करने का संभावित कदम सीएम एन बीरेन सिंह द्वारा चुराचांदपुर के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से स्वतंत्रता दिवस परेड के दौरान लोगों के एक समूह द्वारा अत्याधुनिक आग्नेयास्त्रों के खुले प्रदर्शन के बारे में रिपोर्ट मांगे जाने के कुछ दिन बाद उठाया गया है।

---

#### उत्तराखंड में बड़ा सड़क हादसा

## बस खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत, हेल्पलाइन नंबर जारी

एजेंसी ▶▶ उत्तराखंड

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगानी के पास एक बड़े सड़क हादसे में एक बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है जिस वाहन मे लगभग 35 यात्री सवार बताए जा रहे हैं जिसमें से 19 घायल यात्रियों को निकाला गया है। 7 यात्रियों की मृत्यु होनी बताई गई है। घायलों को उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने के बाद जिलाधिकारी घटना स्थल के पहुंचे। घटना स्तर पर खोज और बचाव कार्य जारी है। पुलिस अधीक्षक भी घटना स्थल पर पहुंचे। घायलों को तुरंत चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यकता पड़ने पर देहरादून में हेलिकॉप्टर को तैयार रहने को कहा गया है। इस बीच जिला अस्पताल से 4 और एम्बुलेंस घटनास्थल पर भेजे गए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रभारी मंत्री और अपर सचिव को मानिटरिंग के दिए निर्देश। वाहन संख्या यूके 07-8585 बताया जाता है। घायलों को रोड हेड तक लाया गया है। एक घायल जो बस के अंदर फंस गया था। उसे किसी तरह निकाला गया।



# इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा टेकु चौधरी की बगीची हनुमान मंदिर पर वृक्षारोपण



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ रिपोर्ट बाड़ी उपखंड में इच्छा पूर्ती फाउंडेशन द्वारा टेकू चौधरी की बगीची में किया बृक्षा रोपण कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता माननीय उप पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह मीना बाड़ी द्वारा की गई। मंच का संचालन अग्रवाल समाज के महामंत्री सतीश चंद्र द्वारा किया गया एवं विशिष्ट अतिथि सोहनसिंह मीणा धनोरा रहे। सावन माह के पवित्र महीने में वृक्षारोपण माननीय उप अधीक्षक महेंद्र सिंह मीणा के कर कमलो द्वारा किया गया। इस मौके पर लगभग दो दर्जन पेड़ जिसमे शमी का पेड़, बेलपत्र का पेड़, आम का पेड़, नींबू, अमरूद, गुलमोहर, पापी, कठेर, सफेदा,अशोक, मोगरा, चमेली, चांदनी, कनेर, इत्यादि छायादार वृक्ष व फलदार एवं पुष्प के पेड़ लगाए गए। इस मौके पर अशोक बंसल,श्रीभगवान बंसल, कृष्ण मुरारी, बंसल ,मुकेश पुरी गोस्वामी, विदित बंसल, घनश्याम मीणा,किशोरी भटेले, हरि सिंह राजपूत, लोहेरे शिवहरे, विशंभर परमार एवं श्री धर्मार्थ सहायता समिति के सभी महिला एवं पुरुष इकाई के सदस्य मौजूद रहे। अंत में पौधारोपण के बाद इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामू चौधरी द्वारा निवर्तमान उप पुलिस अधीक्षक का माल्यार्पण कर एवं साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया।तत्पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम में पधारे हुए सभी माता बहनों साथी लोगों का धन्यवाद प्रेषित किया।

# क़स्बे मनियां में पुलिस थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की मीटिंग



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट कस्वा मनियां में पुलिस थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की मीटिंग का आयोजन थानाधिकारी अनिल जसौरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें कि शहर में घटित होने वाले अपराधों पर रोकथाम को लेकर विचार विमर्श किया गया। एवं सामाजिक सौहार्द रखने की अपील की गई बैठक में थानाधिकारी अनिल जसौरिया ने कहा कि सीएलजी सदस्य, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन, के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मिलकर शांति एवं मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने में सहयोग प्रदान करें। और उन्होंने बताया कि अब क़स्बे मनिया में जितने भी कोचिंग संस्था है उनपर सीसीटीवी कैमरा होना अनिवार्य होगा अन्यथा कोचिंग संस्थाओं के मालिकों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी। और साथ ही सभी सीएलजी सदस्यों को कहा कि सोशल मीडिया पर व्यक्ति विशेष या जाति व समाज के खिलाफ टिप्पणी नहीं करें। तथा अन्य जो भी व्यक्ति कर्ता है तो उस पर भी अंकुश लगाने का प्रयास करें। यदि वो नहीं मानता है। तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है बैठक में सीएलजी सदस्यों के द्वारा भी प्रशासन को क़स्बे में होने वाली कई समस्याओं से अवगत कराया गया। एवं उनके जल्द ही समाधान की प्रशासन से अपील की

बैठक में सरपंच प्रतिनिधि पवन जैन,अध्यक्ष युवा अग्रवाल मंडल जैकी बंसल,संतोष सिंघल,राधेश्याम बंसल,पोपल सेठ,सुमन जैन,विमल कोशिक,राजेंद्र पटसरिया,भागीरथ कुशवाह,ऋषि पचौरी,बाबूख़ान,मीनू ख़ान,सुरेश शर्मा,हरभजन कुशवाह,श्रीगोविंद गुर्जर,कृष्णा सिकरवार ,रामदाश मीना, दिनेश,रवींद्र,लाखन सिंह,,दिनेश पहाड़िया,जीतू,मुनेश सिंघल,एवं जनप्रतिनिधि सहित पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।।

# श्री धर्मार्थ सहायता समिति बाड़ी का स्थापना दिवस आयोजित



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट बाड़ी उपखंड में श्री धर्मार्थ सहायता समिति का सातवा स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा सर्वप्रथम टेकू की बगीची में DSP महोदय के हाथों इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग किया गया। उसके बाद बिजौली स्थित गौशाला पर गायों को रोटी एवं गुड खिलाया गया। इस कार्यक्रम के बाद वन विहार और लटिया वाले बाबा पर बंदरों के लिए केला एवं चना आदि भोजन करा कर बंदर सेवा की गई। इसके साथ ही समिति के सदस्यों को प्राकृतिक स्थल सात क्यारी पर भ्रमण कराया गया। समिति के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों द्वारा जनहित कार्यों का प्रण लिया गया। एवं समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोयल द्वारा बताया गया कि आगामी समय में आई कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इच्छापूर्ति फाउंडेशन के रामकुमार चौधरी एवं मुकेश पुरी का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोयल, मंत्री दिलीप मंगल, कोषाध्यक्ष भगवान मंगल, मिडिया प्रभारी योगेश गोयल, सतीश अग्रवाल, सुरेश बिंदल, अमित मंगल, राजकुमार गर्ग, बृज किशोर गर्ग, मुकेश गर्ग, हरदेव सरजी, किशोर मंगल, राजेश मंगल, द्वारका प्रसाद गुप्ता, प्रशांत, नैतिक, सृजन, मोहक, दिलजीत एवम् महिला इकाई से हेमलता बंसल, सृष्टि गोयल, सीमा बंसल, अंजना मंगल, राधा बिंदल, बेबी, निशा गर्ग सुषमा सिंगल सुनीता देवी तन्नू उपस्थित रही।

# राजाखेडा उप मुख्यालय पर आयोजित किये जा रहे ब्लॉक स्तरीय ओलंपिक खेल



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिला धौलपुर के राजाखेडा उप मुख्यालय पर ब्लाक स्तरीय खेल आज रविवार को फाइनल मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबला आज ग्राम पंचायत बसईकारे की माता रहना वाली कबड्डी टीम व ग्राम पंचायत गढ़ी बाजना की टीम के बीच हुआ मुकाबला । जिसमें ग्राम पंचायत बसईकारे की माता रहना वाली कबड्डी टीम ने 24 पॉइंट बनाए वहीं घड़ी बजाना टीम 15 पॉइंट ही बना पाई। बसईकारे कबड्डी टीम ने इस फाइनल मैच को 9 पॉइंट से जीता। ग्राम पंचायत बसईकारे की 'माता रेहना वाली कबड्डी टीम टीम प्रभारी संतोष, सुरेंद्र चौधरी PTI, कोच गौरीशंकर ने टीम की हौसला अफजाई की। इस फाइनल मैच को सौरभ बघेला टीम कैप्टन के बढ़िया मार्गदर्शन से टीम विजय रही। ग्राम पंचायत बसई कार्य कबड्डी टीम के खिलाड़ी सुमित बघेल, श्रीओम, लखन, बृजमोहन, अमित बघेल, निरंजन, रामज्ञान ,मनीष, मोहित अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई।

# लोधी क्षत्रिय एम्प्लॉइज एसोसिएशन लक्ष्य का हुआ चुनाव सम्पन्न



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट एसोसिएशन लक्ष्य का हुआ चुनाव संपन्न लक्ष्य के जिलाध्यक्ष पद पर नेमीचंद अध्यापक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सुरेश कुमार हुए चयनित धौलपुर:- लोधी क्षत्रिय एम्प्लॉइज एसोसिएशन लक्ष्य का चुनाव महारानी अवन्तीबाई लोधी छात्रावास राजाखेड़ा बाई पास रोड धौलपुर में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रामसिंह सिहोलिया पूर्व प्रधानाचार्य, बदन सिंह पूर्व नायब तहसीलदार, कमलसिंह पूर्व प्रधानाचार्य, पर्यवेक्षक बृजेन्द्र सिंह राजपूत प्रधानाचार्य और पीताम्बर सिंह पूर्व व्याख्याता आदि की निगरानी में मिलकर कराया गया। लक्ष्य के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा ने बताया कि चुनाव के दौरान लक्ष्य अध्यक्ष पद के लिए सात फार्म और वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए चार फार्म प्राप्त हुए। अन्त में रतनसिंह लोधा ने अपना समर्थन देकर एवं सर्वसम्मति से एक राय होकर नवीन जिलाध्यक्ष लक्ष्य नेमीचंद अध्यापक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश कुमार नर्सिंग आफीसर बनाया गया हैं। चुनाव अधिकारियों ने जिलाध्यक्ष लक्ष्य नेमीचंद अध्यापक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश कुमार को शपथग्रहण करायी गई।चुनाव अधिकारियों रामसिंह सिहोलिया,बदन सिंह, कमलसिंह पूर्व प्रधानाचार्य एवं पर्यवेक्षक बृजेन्द्र सिंह राजपूत प्रधानाचार्य और पीताम्बर सिंह आदि ने आगामी 15 दिवस में अपनी नई कार्यकारिणी गठित करने एवं शपथ ग्रहण समारोह कराने के निर्देश प्रदान किए।इस अवसर पर महामंत्री अजीत सिंह लोधा, कोषाध्यक्ष गिरेन्द्र सिंह, लक्ष्य प्रवक्ता शैलेन्द्र सिंह लोधा , माधोसिंह, रतनसिंह लोधा, संतोष कुमार शा.शि.गजेन्द्रसिंह, कन्हैयालाल,महेश ठाकुर,रामरतन ,भगवान सिंह,नेमीचंद,पातीराम, मनोज कुमार,अरुणा राजपूत, ममता देवी ,नीरेन्द्रकुमार, महेश चंद्र,बृजकिशोर ,रामसनेही,छोटी बाई, सुरेश कुमार , श्रीराम , सुखसिंह, वीरेंद्र सिंह,बसन्त कुमार,जयगोपाल, नन्द किशोर, राकेश कुमार,सोमदेव, मदन गोपाल ,रामप्रकाश , रतनलाल , हरिओम, राजवीरसिंह, मूलचंद आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु डोर स्टेप प्री-काउन्सलिंग शिविर का आयोजन




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक :- 09 सितम्बर 2023 को संपूर्ण प्रदेश में इस वर्ष की *तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत* का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यालय धौलपुर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु आज दिनांक :- 20.08.2023 को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सुनीता मीणा द्वारा एडीआर परिसर में ''डोर स्टेप प्री काउन्सलिंग'' शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्यालय धौलपुर पर स्थित मजिस्टेट न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों को चिन्हित कर इस प्री-काउंसलिंग में रखा गया। उक्त प्रकरणों में उपस्थित पक्षकारों के मध्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता मीणा द्वारा लोक अदालत की भावना से सुलह-समझाईश करते हुए राजीनामा के प्रयास किये गये। प्री-काउन्सलिंग के दौरान न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्टेट धौलपुर में लंबित एक प्रकरण में पक्षकारान के मध्य सचिव सुनीता मीणा व काउंसलर नेमीचंद अग्रवाल द्वारा प्री-काउंसलिंग की गई। सचिव सुनीता मीणा द्वारा पक्षकारान को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण के निस्तारण के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए पक्षकारों को राजीनामा हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया। पक्षकारों ने लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर प्रकरण में राजीनामा पेश किया गया। पक्षकारों की आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर प्रकरण का निस्तारण किया गया।

प्री-काउंसलिंग कैम्प में न्यायिक कर्मचारीगण सचिन शर्मा, शान्तनु त्यागी, हितेश, शम्भूदयाल, पंकज कुमार, लीलाधर, एवं जेवीवीएनएल की आरे से अविनाश मिश्रा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण राहुल, सुरेन्द्र सिंह एवं प्रदीप शर्मा सहित पक्षकारान मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय जाटव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित




चमकता राजस्थान

रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट हिंडौन सिटी के उपखंड के सूरौठ तहसील मुख्यालय पर जिंदल मैरिज गार्डन में जिला स्तरीय जाटव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 10वीं और 12वीं में 85 परसेंट से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और राजकीय सेवा में चयनित कार्मिक नीट आईआईटी में चयनित छात्र छात्राओं का चांदी का मेडल प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह के रूप में बाबा साहब की तस्वीर और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंडौन के वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री भरोसी लाल जाटव, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति बृजेश कुमार जाटव, हिंडौन पंचायत समिति प्रधान बिनोद कुमार जाटव, श्री महावीर जी पंचायत समिति प्रधान राजेश कुमारी जाटव रही। प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक भरतपुर संभाग रामखिलाड़ी बेरवा द्वारा की गई। प्रतिभा सम्मान समारोह का आगाज विधायक भरोसी लाल जाटव द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन पर पंडाल में महापुरुषों के चित्र नजर आए जैसे रमाबाई अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले,रामास्वामी पेरियार, संत गुरु रविदास सहित कई अन्य महापुरुषों के चित्र भी नजर आए।

*इन प्रतिभाओं का किया सम्मान*

प्रतिभा सम्मान समारोह में जिला स्तर पर 12वी के विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी अंकिता पुत्री रामकुमार यादव 97%, द्वितीय स्थान पर अभिषेक बैरवा गुलाब चंद बेरवा कुंजेला 92.80%, तृतीय स्थान पर रजनीकांत पुत्र इंद्राज खेड़ा जमालपुर, इसी प्रकार कला वर्ग में प्रथम स्थान पर राखी कुमारी पुत्री मुकेश घोसला 94.60 %,द्वितीय स्थान पर वंदना कुमारी पुत्री सुरेश कुमार जाटव रामदास कॉलोनी हिंडौन सिटी 92 % , तृतीय स्थान पर कुमारी निकिता पुत्री सूरजभान जाटव बस्ती हिंडौन सिटी 91% और और इसी प्रकार दसवीं में प्रथम स्थान पर अभिषेक बंसीवाल पुत्र धर्म सिंह बंसीवाल आनंद विहार कालोनी 97.50,द्वितीय स्थान पर देवेंद्र चौधरी पुत्र राजू लाल जाटव करौली 96.33%तृतीय स्थान पर अनुष्का पुत्री जलेश्वर ठेकेदार हिंडोनिया 96.30% ,इन सभी ने समाज में जिला स्तर पर नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय जाटव समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में कुल 1 से 26 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, आयोजन कमेटी द्वारा इस अवसर पर पत्रकार, टीकाराम शर्मा, मदन मोहन भास्कर ,चरण सिंह डागुर, प्रमोद कुमार शर्मा, मिशन की आवाज के सह संपादक ओम प्रकाश वर्मा, रिपोर्टर अजीम खान, राम प्रताप शर्मा सहित कई अन्य पत्रकारों को माल साफा पहनकर और बाबा साहब की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में सुवालाल ठेकेदार, यू पी एम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चीफ डायरेक्टर उजागर सिंह प्रेरणा पब्लिक स्कूल के संस्थापक हरिओम ठेकेदार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य संतराम वर्मा, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पूरणमल जाटव, सहित कई अन्य बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिकों का माला साफा और बाबा साहब का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के कई भामाशाहओ ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, भामाशाह पुरुषोत्तम बंसीवाल सूरौठ द्वारा सम्मान समारोह में आए अतिथियों, छात्र-छात्राओं और उपस्थित सभी को भोजन की व्यवस्था की गई पानी की व्यवस्था यू पी एम ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा की गई।

## सार समाचार

### 19 लाख 68 हजार 974 रुपये का ऋण स्वीकृत



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

दी जोधपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक बाप द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समिति कानसिंह की सिड में कृषक व पशुपालन से जुड़े सदस्यों को ऋण वितरण करना प्रारंभ कर दिया गया है। ग्राम सेवा सहकारी समिति कानसिंह की सिडा के चेयरमैन कृष्णपाल सिंह भाटी व व्यवस्थापक सत्यनारायण मेघवाल ने बताया कि 19 लाख 68 हजार 974 का ऋण स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत ऋण का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। इस मौके किसान ठाकुर प्रताप सिंह भाटी, नरपत सिंह, मोहन सिंह, दीपचंद, कुंभाराम, सांगाराम, राजूराम, प्रभुराम, केवलराम, रिछपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### राजीव गांधी की जयंती पर पुष्प किये अर्पित



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर राजघाट वीर भूमि दिल्ली में सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में पुष्प अर्पित किए गए। जयंती के अवसर पर बाप ब्लॉक के भी सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। पीसीसी सचिव महेश व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाप के अध्यक्ष केशुराम मेघवाल, कांग्रेस नेता पहाड़ सिंह भाटी, नंदकिशोर तंवर, मनोज पुरोहित, कानाराम पंवार, मेहबूब कलर, अयूब खान, शिशपाल, सरपंच भंवरलाल खिलेरी, भुरा व्यास, प्रदीप गुचिया, बबलू जेतड़ासर, संभु खान सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने वीर भूमि राजघाट पहुंचकर स्वर्गीय राजीव गांधी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### पूरी रात अंधेरे में डूबी रही नगर पालिका बाप

#### आंधी व बारिश से टूटी 33 केवी की लाइन, 9 जगह से टूटे जंपर, डिस्कॉम टीम ने पूरी रात की मशक्कत, रविवार दोपहर को सुचारू हुई विद्युत आपूर्ति



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

नगर पालिका व उपखंड मुख्यालय बाप शनिवार को पूरी रात अंधेरे में डूबा रहा। शनिवार रात्रि करीब 10 बजे गुल हुई बाप कस्बे की विद्युत आपूर्ति रविवार दोपहर करीब 12 बजे बहाल हो पाई। शनिवार शाम को कस्बे में मौसम ने करवट बदली तथा आंधी के साथ बारिश प्रारंभ हो गई। इस वजह से 33 केवी बाप की लाइन में फाल्ट आ गया। मिली जानकारी के अनुसार 220 केवी जीएसएस बाप से विद्युत आपूर्ति 33 केवी जीएसएस बाप में होती है। यहां से बाप, रिण व खीरवा तीन अलग-अलग फीडर पर लाइन गई हुई है। फाल्ट आने की वजह से रिण व खीरवा का जिओ कट किया गया। इसके बाद लाइन की पेट्रोलिंग प्रारंभ की गई। डिस्कॉम टीम ने पूरी रात विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए मशक्कत की, लेकिन तड़के करीब 4 बजे भोजो की बाप के पास 33 केवी का तार टूट गया। इसके बाद रविवार सुबह डिस्कॉम टीम द्वारा पुनः विद्युत आपूर्ति बहाल करने के प्रयास प्रारंभ किए गए। 220 केवी जीएसएस का ब्रेकर खराब होने की वजह से 9 जगह जंपर टूट गए। डिस्कॉम टीम के सदस्य हीरालाल, करुण खत्री, योगेश सुथार, मोहनलाल, मुकेश रामावत, जुगल साध व गोपाल विश्नोई ने कड़ी मशक्कत करते हुए रविवार दोपहर को विद्युत आपूर्ति बहाल की। पूरी रात विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण कस्बे वासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### रक्त की एक-एक बूंद अनमोल - विश्नोई

#### शिक्षक सदन बाप में रक्तदान शिविर व निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप आयोजित



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा बाप एवं भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को बाप में बिजलीघर के पीछे स्थित शिक्षक सदन परिसर में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा बाप अध्यक्ष प्रदीप विश्नोई ने बताया की शिविर में 51 शिक्षक साथियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए फलोदी विधायक मास्टर पब्बाराम विश्नोई ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ता शिक्षक हितों के लिए संघर्ष के साथ साथ सामाजिक सौहार्द, सामाजिक समरसता और पर्यावरण के कार्यक्रम में अग्रणी रहते हुए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश मंत्री अरुण कुमार व्यास ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के बाद भी संगठन के ध्येय राष्ट्र हित में कार्य कर रहे है। शिक्षक रेखचंद पालीवाल ने इस अवसर पर सैकड़ो पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित मेहमानों, शिक्षकों एवं रक्तदाताओं को प्रतीक चिन्ह व बैग ठेकेदार मोहनराम द्वारा प्रदान किये गए। इस मौके पूर्व सरपंच मगसिंह सिडा, विभाग संगठन मंत्री रामनारायण, किशनाराम डारा, प्रधानाचार्य मांगीलाल कुमावत, पपुराम गोदारा, नर्सिंग ऑफिसर पुखराज पालीवाल, ओमप्रकाश विश्नोई, नरपतसिंह भाटी, जितेंद्र भंवाल खिदरत, बुधाराम सियाग, मोहन जीनगर, जगदीश कुमावत, रोहिताश थोरी, सुरेश सियाग, पूनमचंद थोरी, सोमराज, रमेश कुमार, बाबूलाल पालीवाल, माणक पालीवाल, भोमराज दर्जी, गणेशदान चारण, भागीरथ, देवेंद्र मांजू, कैलाश आदि उपस्थित थे।

## सर्वधर्म समभाव के प्रतीक थे राजीव गांधी - डारा

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित हुए कई कार्यक्रम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ पपुराम डारा ने फलोदी चिकित्सालय में मरीजों को किए फल वितरित



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को फलोदी के डाक बंगला में कांग्रेसियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ पप्पुराम डारा ने कहा की भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक हैं, जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है एवं हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। राजीव गांधी ने भारत को तेजी से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास किये। राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक, खुशहाल और मजबूत राष्ट्र बनाने में विशेष भूमिका निभाई थी। राजीव गांधी दूरदृष्टि सम्पन्न राजनेता थे। सूचना प्रौद्योगिकी में आज भारत विश्व में जिस स्थान खड़ा है, वह राजीव गांधी की ही देन है। इसीलिए उन्हें %भारत की सूचना प्रौद्योगिकी का जनक कहा जाता है। राजीव गांधी एक सच्चे लोकतंत्रवादी थे। एक ऐसे व्यक्ति थे जो सदा नये विचारों और रचनात्मक आलोचनाओं का स्वागत करते थे। एक सांसद, प्रधानमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने जो भी भूमिका निभाई, सभी में उन्होंने राष्ट्र हित में समर्पण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन किया।डारा ने कहा की सबकी सुनना और सबको साथ लेकर चलना राजीव गांधी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता थी। वे आमजन की समस्याओं को बड़े ध्यान से देखते, सुनते थे और फिर सही दिशा - निर्देश देकर उसको सुलझाने का काम करते थे। डारा ने कहा कि अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा के तहत 35 सौ किमी तक की पैदल यात्रा तय कर देश की एकता और अखंडता को बरकार रखने में अग्रणी रहकर कार्य किया। इस मौके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व भामाशाह पप्पूराम डारा, ब्लॉक कांग्रेस फलौदी अध्यक्ष ईलमदीन, पार्षद दीनदयाल जोशी, ललित गहलोत जोधपुर, तमन्ना नशा मुक्ति केंद्र के डायरेक्टर मेंहबूब खान, पार्षद घीसुलाल चोरडिया, मोहम्मद सदीक कोयरी, प्रकाश सेन, जय चोरडिया, भेराराम मकवाना सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। पुष्पांजलि कार्यक्रम के पश्चात डॉक्टर पप्पूराम डारा राजकीय जिला चिकित्सालय फलौदी पहुंचे तथा मरीजों व उनके परिजनों को फल वितरित किए।

### बार एसोसिएसन बाप के सदस्यों ने किये सांचु पोस्ट पर सीमा दर्शन

## सीमा प्रहरियों के कारण ही हम सुरक्षित - परिहार



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप अधिवक्ता संस्थान के बैनर से रविवार को अधिवक्ताओं के एक दल ने सीमादर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान के सचिव विजय तंवर ने बताया कि 21 अधिवक्ताओं का दल सांचु मंदिर पहुचा। दल के सदस्यों ने भारत पाक सीमा के दर्शन किये। सांचु पोस्ट पर जवानों के साथ वार्ता में न्यायिक मजिस्ट्रेट बाप लोकेश परिहार ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों के रात भर जगने के कारण हम सुख चेन की नींद ले पाते है। परिहार ने कहा कि देश इनका एहसान व ऋण कभी नही भूल सकता। जवान विकट परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे है। सीमादर्शन दल के मुखिया लोकेश परिहार ने कमान ऑफिसर अभिषेक रायजादा का साफा, माला, तिरंगा दुपटा ओढ़ा कर अभिनन्दन किया। बार संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट मदनसिंह भाटी ने सब इंस्पेक्टर बग्गा सिंह, एडवोकेट रतन सिंह ने इंस्पेक्टर कालीदान कुजूर का माला पहनाकर अभिनन्दन किया। सीमादर्शन समिति की बहिन प्रेरणा जोशी ने सभी जवानों के रक्षा सूत्र बांध कर उनके स्वस्थ व दीर्घायु की मंगल कामना की। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने सीमादर्शन के दल को उपहार में पोधे भेंट किये। इस मौके सीमाजन कल्याण समिति जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री, बार एसोसिएसन के अध्यक्ष मदनसिंह भाटी, बाप प्रधान प्रतिनिधि रतनसिंह धोलिया, उपाध्यक्ष एडवोकेट मदन शर्मा, सचिव विजय तँवर, राजकीय अधिवक्ता बनवारीलाल विश्नोई, भँवरलाल सुथार सिहड़ा, करनी सिंह राठौड़, राजेन्द्र सोलंकी, राणीदान सिंह, रवि पालीवाल, मूलचंद सुथार, सुभाष विश्नोई, धर्म चन्द तँवर, मदन सुथार, हीरालाल पालीवाल, विपुल जोशी, प्रेरणा जोशी, मनोहर जांगू, श्रवण विश्नोई गजेवाला, वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश गोदारा, पर्वत सिंह सिडा, हरीश पालीवाल, मोहमद रफीक आदि उपस्थित थे।

### राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का वार्षिक समारोह 21 को

, **बीकानेर।** राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर का वार्षिक समारोह सोमवार, 21 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। अकादमी अध्यक्ष शिवराज छंगाणी ने बताया कि वर्ष 2022-23 के लिए अकादमी के विविध पुरस्कारों तथा सम्मानों हेतु घोषित साहित्यकारों को इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया कि वेटरनरी विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा, कला, साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला होंगे, अध्यक्षता अकादमी अध्यक्ष शिवराज छंगाणी करेंगे, विशिष्ट अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति डॉ. मनोज दीक्षित तथा स्वागताध्यक्ष अकादमी उपाध्यक्ष डॉ. भरत ओळा होंगे।

### रजत शर्मा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन



चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा भरतपुर, खादी कोलॉनी निवासी रजत शर्मा ने एसएससी सीपीओ एस आई परीक्षा 2022 में अंतिम रूप से चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।रजत के पिताजी मुकेश शर्मा शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक हैं एवं माताजी नीरू शर्मा किशोर न्याय बोर्ड सदस्य है।कुल ।4300 रिक्तियों में रजत ने आल इंडिया 872 वी रैंक हासिल की है। एसएससी की तैयारी जयपुर रहकर की एवं समय समय पर मौसाजी जलदाय मंत्री डॉ महेश जोशी से मार्गदर्शन लेता रहा है, सफलता का श्रेय माताजी पिताजी के आलावा फिजिकल कोच अजय गुर्जर को दिया है । रजत की सफलता पर परिजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने बधाइयां देते हुए निरंतर प्रगति की कामना की।

### श्रीनगर में नालेशवर महादेव मंदिर के सरोवर से भगतों ने उठाई कांवड़



चमकता राजस्थान

अजमेर जिला ब्यरो चीफ रघुनंदन पारीक. अजमेर निकटतम श्रीनगर प्राचीन शिवालय नालेशवर महादेव शिवालय पर जाकर श्रीनगर की बड़े बाजार चार भुजा मन्दिर शेत्र की महिलाओं व छोटे बच्चों ने नालेशवर महादेव जाकर जल लाकर गाजे बाजे के साथ की सभी शिवालय पर अभिषेक राजकुमारी सेन बताया कि श्रीनगर पुष्कर परिक्रमा में आता है इसी लिए नालेशवर महादेव से लाया जाता है जल।

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाढ़वाला में विज्ञान संकाय स्वीकृत

**बीकानेर।** ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी की अनुशंषा पर कोलायत विधानसभा क्षेत्र की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाढवाला में अतिरिक्त संकाय विज्ञान खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की है। ऊर्जा मंत्री भाटी ने बताया कि स्वीकृत अतिरिक्त संकाय सत्र 2023-24 से नियमित रूप से प्रारम्भ होगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशक ने आदेश जारी किये है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा विज्ञान संकाय खोलने की मांग की जा रही थी, जिसे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने पूरी की है।

## झोटवाड़ा खातीपुरा एडवोकेट क्लब की बैठक आयोजित



चमकता राजस्थान

जयपुर। झोटवाड़ा खातीपुरा एडवोकेट क्लब की स्थापना की गई थीं प्रथम मीटिंग आहूत की गई काफी संख्या मे अधिवक्ता साथी उपस्थित हुए एवं एक राय से उक्त क्लब के गठन की सहमति दी। क्लब का क्षेत्र दादी का फाटक से, नांगल जैसा बोरा,बेनार रोड सीतावाली फाटक, निवारू रोड, कालवाड रोड, खातीपुरा रोड, खातीपुरा, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, चित्रकूट, करधनी,करणी विहार, सिरसी रोड,पांच्यावाला, मीणावाला, बिंदायका,भांकरोटा, महिंद्रा सेज, बगरू, अजमेर रोड ,कनकपुरा, गोकुलपुरा, गोविंदपुरा, हाथोज, माचवा, कालवाड, कालवाड़ रोड, धावास रोड,बजरीमंडी रोड, करणी पैलेस रोड इन क्षेत्रों में निवास करने वाले अधिवक्ता साथी इस क्लब के सदस्य रहेंगे।

**संस्था के कार्य एवं उद्देश्य...**

1. क्षेत्र में निवासरत सदस्यों की समस्या में सहयोग करना
2. किसी भी आयोजन व प्रयोजन का शुल्क आपसी सहमति से तय किया जाएगा एवं सभी सदस्य द्वारा देय होगा, शुल्क मिनिमम तय होगा एवं किसी भी सदस्य द्वारा ज्यादा भी दिया जाए तो स्वीकार्य होगा
3. झोटवाड़ा खातीपुरा एडवोकेट क्लब के सदस्यों की समस्या के निवारण के लिए सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी होगी
4. किसी भी आयोजन के लिए 7 या अधिक सदस्यों की संचालन समिति बनाकर कार्य किया जाएगा
5. किसी भी सदस्य के साथ किसी भी अप्रिय घटना होने पर आर्थिक सहयोग एक राशि तय कर मदद की जाएगी
6. क्षेत्र के अधिकांश अधिवक्ताओं को जोड़ा जाए। (अधिवक्ता साथी की सहमति से )
7. ग्रुप में कानूनी राय ही दी जानी चाहिए
8. ग्रुप में किसी प्रकार के गुड मॉर्निंग, गुड नाइट, संदेश नहीं डालेंगे, वकील के हित में मैसेज डालेंगे
9. अनावश्यक मैसेज डालने पर एडमिन द्वारा चेतावनी देकर रिमूव किया जा सकता है एवं किसी भी प्रकार की चुनाव गतिविधि की कोई पोस्ट नहीं डाली जाए।

कल दिनांक 19 अगस्त 2023 (शनिवार) को झोटवाड़ा खातीपुरा एडवोकेट क्लब का स्नेह मिलन ( *गोठ) कार्यक्रम सामुदायिक हॉल, गणेश मंदिर, खिरणी फाटक रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर में शाम 5-00 बजे से रात्रि 9-00 बजे तक आयोजित की गई जिस मै सकड़ो की संख्या मै अधिवक्ता उपस्थित आए।

### युवा मंच के सदस्यों की बैठक आयोजित



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

दूसरा दशक परियोजना द्वारा रविवार को युवा मंचों के सदस्यों के साथ बाप, फलौदी, शेखासर व चारणाई में समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी इकबाल मेहर ने बताया की बैठक में युवा मंचों द्वारा पूर्व में किये कार्यों की समीक्षा की गयी, जिसमे किचन गार्डन, पक्षियों के लिए परिण्डे लगाना, झोला पुस्तकालय व अमन युवा मंच चारणाई द्वारा सेनेटरी नेपकिन के उपयोग को लेकर किए गए प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण किया गया। दूसरा दशक की बशिरो ने बताया कि युवा मंच के सदस्य गांव स्तर पर प्रोजेक्ट बनाकर कार्य कर सकते है। इसके अलावा आगामी कार्यो का नियोजन करते हुए गांव स्तर पर राजस्थान स्टेट ओपन का प्रचार प्रसार, किचन गार्डन, स्कूल में नामांकन बढ़ाना, पक्षियों के लिए परिण्डे, वृक्षारोपण, मौसमी बीमारियां से बचाव के लिए टांको में मीठा तेल डालना आदि काम हाथ मे लिए गए।

### बीकानेर जार के राजेश ओझा निर्विरोध बने अध्यक्ष,दो दर्जन कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



चमकता राजस्थान, बीकानेर। जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की बीकानेर की जंबो कार्यकारिणी का रविवार को सर्वसम्मति से गठन किया गया। गठित नई कार्यकारिणी ने संगठन को और भी मजबूत करने और सकारात्मक व सटीक पत्रकारिता की दिशा में बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया। रविवार को रमेश इंग्लिश स्कुल में जार की एक बैठक प्रदेश कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य अनुराग हर्ष व दिलीप भाटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमे सर्वसम्मति बीकानेर ईकाई के अध्यक्ष पर राजेश ओझा, महासचिव अजीज भुट्टा व गिरीश श्रीमाली को कोषाध्यक्ष चुना गया । इसके साथ ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष बलदेव रंगा, बलजीत गिल, रौनक व्यास, कपिला स्वामी व त्रिभुवन रंगा, संगठन सचिव अरविंद व्यास, सचिव जीतू बीकानेर, मुकुंद व्यास, मुदिता पोपली, मनोज व्यास व सहसचिव मनोज रतन व्यास, प्रवक्ता व प्रचार मंत्री नारायण उपाध्याय, आईटी सेल में संजय स्वामी व पवन व्यास। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गणेश सेवग, श्याम नारायण रंगा, अजीम भुट्टा व सरजीत सिंह को मनोनीत किया गया हैं। साथ ही, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप भाटी, अनुराग हर्ष,शिवचरण शर्मा संरक्षक व मार्गदर्शक के रूप में मनोनीत किए गए है । जार बीकानेर ईकाई के प्रवक्ता नारायण उपाध्याय ने बताया कि जंबो कार्यकारिणी का गठन प्रदेशाध्यक्ष सुभाष शर्मा व महासचिव भाग सिंह के निर्देश पर सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी के विस्तार में भी सभी की सहमति की प्रक्रिया ही अपनाई गई। कई सदस्यों ने स्वयं आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभालने का संकल्प भी जताया। बैठक में कई नए साथियों ने जार की सदस्यता ग्रहण की। उपाध्याय ने बताया कि आगामी 26 और 27 अगस्त को जयपुर में निम्स यूनिवर्सिटी केम्पस में जार द्वारा पत्रकारों का राष्ट्रिय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश भर से एक हजार से अधिक पत्रकार इस अधिवेशन में हिस्सा लेंगे । इस अधिवेशन में जार बीकानेर ईकाई के पत्रकार हिस्सा लेने 25 अगस्त को जयपुर रवाना होंगे । अधिवेशन के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी सोंपी गई है । बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश ओझा ने वर्किंग जर्नलिस्ट को संगठन से अधिक से अधिक सदस्यता दिलाने व पत्रकार हित में संगठनात्मक गतिविधियां जारी रखने की जरूरत बताई। संरक्षक अनुराग हर्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए पत्रकारिता के बदलते आयामों सहित पत्रकारों के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की ।

### राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल संपन्न

## अब सलेक्शन मैचो के आधार पर होगा टीम का चयन

चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा भरतपुर, राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 4 सितंबर से जयपुर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम के चयन हेतु रविवार 20 अगस्त को एक दिवसीय चयन ट्रायल एस.आर क्रिकेट एकेडमी सेंट्रल एकेडमी स्कूल कैंपस सेवर मथुरा बाईपास रोड भरतपुर पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर द्वारा आयोजित की गई जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि एक दिवसीय चयन ट्रायल के दौरान भरतपुर जिले से लगभग 95 खिलाड़ियों ने भाग लिया उनमें से चयनकर्ताओं ने 28 खिलाड़ियों का चयन किया है सचिव ने यह भी बताया कि चयनित 28 खिलाड़ियों की 14-14 सदस्यों वाली दो टीम भरतपुर ब्लू और भरतपुर ग्रीन बनाई गई है यह सिलेक्शन मैच चस्र्क्र क्रिकेट ग्राउंड नदबई पर खेल जायेंगे इन मैचों के प्रदर्शन के आधार पर ही जिले की अंडर-16 की 16 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा यह तीन मैच 23, से 25 अगस्त तक खेले जाएंगे जिला क्रिकेट संघ द्वारा नियुक्त किए गए चयनकर्ता नरेश खत्री,सूरज शर्मा,लंकेश सियाराम, समीर प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह कालू, प्रेम सिंह तथा पंकज गोयल चयन समिति में शामिल थे इन चयनकर्ताओं के द्वारा 28 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो कि निम्न प्रकार है मयंक बघेल, पंकज जोशी, अभी सिंह,मयन वर्मा गिरीश चौधरी, यशवर्धन दीक्षित, सुबोध सिंह, कुश सोलंकी, रवि कुमार, मुकीम खान, दिलीप सिंह, हिमांशु देशवाल, आदित्य चौधरी, आर्यन बघेल, विनय कामबार, विश्वेंद्र चौधरी, अनुज मीणा, आकाश सिंह, आशीष प्रजापति, राहुल फ़ौजदार योगेंद्र मीणा, सार्थक चौधरी,अंकित पांचाल, ध्रुव, घनश्याम, जयसिंह परिहार, यौशित गुर्जर, अजय गुप्ता को शामिल किया गया है इस चयन ट्रायल के दौरान जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया,एवं कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी एव अवदेश खटाना,राहुल लोहिया, वीनू ,सुमित अरोड़ा, राजेश गुप्ता,मंगल सिंह,मुनेंद्र कुमार,साकेत गौतम तथा वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवम 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली न.6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक: अभय सिंह चौहान, मोबाइल: 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)